#HamaraTiranga हमर तिरंगा
दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
हर घर तिरंगा 75 Azadi Ka Amrit Mahotsav

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | छत्तीसगढ़ 6 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 17 अगस्त 2022, कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-122 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए। क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं।

आज बेबाक

प्रधानमंत्री पद के लिए अभी से नित नए दावेदारों के नाम सामने आ रहे है। प्रधानमंत्री पद न हुआ बकरी का बच्चा हो गया जिसे कोई भी दौड़कर पकड़ लेगा। पीएम की कुर्सी के लिए घुटनों तक लार टपकाने वाले ये स्वनामधन्य नेता सूत न कपास और जुलाहों में लट्ठनलट्ठा वाली कहावत को अक्षरसः चरितार्थ कर रहे है और उपहास का पात्र बन रहे है। पीएम पद के उम्मीदवारों की फेहरिस्त में अब नीतीश कुमार और अखिलेश यादव का नाम भी जुड़ गया है। लगता है बहुत जल्द कुछ पार्षदों और पंचों के नाम भी इस सूची की शान बढ़ाएंगे।

सूर्योदय

उदय : 5:55 प्रात:

अस्त : 7:54 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,967,875,926

भारत: 1,409,370,180

बाजार

सेंसेक्स : 59842.21

निफ्टी: 17825.30

गोल्ड : 52,530 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 57,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.88 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	32.5	23.3
बिलासपुर	31.2	23.6
जगदलपुर	30.1	22.4
अंबिकापुर	27.5	22.0

आज का दिवस

पारसी नव वष

पारसी नव वर्ष, जिसे नवरोज या जमशेदी नवरोज के नाम से भी जाना जाता है, हर साल 17 अगस्त को नए ईरानी कैलेंडर की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। फारसी में, नव का अर्थ है नया और रोज का अर्थ है दिन और साथ में 'नया दिन' में अनुवाद करना। यह स्वास्थ्य, धन, समृद्धि और उत्पादकता के लिए मनाया जाता है। जमशेदी नवरोज को इसका नाम फारस के महान राजा - जमशेद से मिला, जिनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने पारसी कैलेंडर में सौर गणना शुरू की थी। ईरान और अन्य हिस्सों में, पारसी लोग फासली/बस्तनाई कैलेंडर का उपयोग करके फारसी नव वर्ष मनाते हैं, जिसके अनुसार यह दिन वर्नल इक्विनॉक्स के क्षण में पड़ता है।

गरमा-गरम

फीफा ने बैन किया,U-17 वर्ल्ड कप की मेजबानी भी छीनी

प्रदेश में अगले साल 422 नए स्वामी आत्मानंद स्कूल, सीएम ने की घोषणा

■ 10 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन और गौरवशाली अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में ध्वजारोहण करने के बाद प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य के विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए बड़ी सौगात दी। उन्होंने राज्य में आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व राज्य के 422 स्कूलों में स्वामी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति आयी

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना' से स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी क्रांति आयी है। विगत वर्ष हमने 51 स्कूलों से यह योजना प्रारंभ की थी, जो अब बढ़कर 279 स्कूलों तक पहुंच चुकी है। इनमें से 32 स्कूल हिन्दी माध्यम के हैं तथा 247 स्कूलों में हिन्दी के साथ अंग्रेज़ी माध्यम में भी शिक्षा दी जा रही है। इस वर्ष 2 लाख 52 हजार 600 बच्चों ने इन स्कूलों में प्रवेश लिया है, जिसमें 1 लाख 3 हजार बच्चे अंग्रेजी माध्यम तथा 1 लाख 49 हजार 600 बच्चे हिन्दी माध्यम के हैं। इस योजना की सफलता को देखते हुए हमने निर्णय लिया है कि अधिक से अधिक स्कूलों को इस योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व 422 स्कूलों में यह योजना लागू होगी, जिनमें से 252 स्कूल बस्तर एवं सरगुजा संभाग में होंगे और इनमें दंतेवाड़ा जिले के शत-प्रतिशत शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल होंगे। अपना वादा निभाते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा की भी कोशिश

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में ही प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने के लिए हमने हिन्दी के अलावा 16 स्थानीय भाषाओं में तथा 4 पड़ोसी राज्यों की भाषाओं में पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित कराई हैं। 'निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना' के तहत कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक सभी शासकीय-अशासकीय शालाओं तथा कक्षा आठवीं तक मदरसों के बच्चों को लगभग 52 लाख पाठ्य पुस्तकें प्रदान की जा रही हैं। नवमीं कक्षा में पढ़ने वाली 1 लाख 55 हजार छात्राओं को इस वर्ष निःशुल्क सायकल देने का लक्ष्य रखा गया है।

नाव पलटने से 3 युवक बहे, एक की मौत, दो ने तैरकर बचाई जान

■ मुंगेली में नाले में बहे युवक की मिली लाश, रायगढ़ में तीन दिन स्कूलों की छुट्टी

कांकेर/रायगढ़। छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। इसके बाद भी लोग अपनी जान जोखिम में डाल उसे पार करने में लगे हैं। कांकेर जिले में मंगलवार को उफनते नाले में नाव पलटने से 3 युवक बह गए। इनमें से दो युवकों ने किसी तरह से तैरकर अपनी जान बचाई। जबकि एक युवक की मौत हो गई। का अभी तक पता नहीं चल सका है। वहीं दूसरी ओर मुंगेली में भी एक युवक नदी में बह गया। दो दिन बाद उसका शव बरामद हुआ है। वहीं महानदी का जल स्तर बढ़ने की वजह से रायगढ़ व जांजगीर चांपा जिले में बाढ़ के हालत है। कई गांव टापू में तब्दील हो चुके हैं। बाढ़ को देखते हुए रायगढ़ कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित

महानदी का जल स्तर बढ़ने से संकट

छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में लगातार हो रही बारिश अब बड़ी मुसीबत बन गई है। रायपुर से लेकर रायगढ़ और जांजगीर-चांपा से लेकर बस्तर तक हालत बिगड़े हुए हैं। रायगढ़ और जांजगीर-चांपा में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। रायगढ़ के बाढ़ प्रभावित गांवों के स्कूलों में 16 से 18 अगस्त तक छुट्टी कर दी गई है। रायगढ़ में बाढ़ के हालात को देखते हुए कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर पुसौर और बरमकेला विकासखंड के बाढ़ प्रभावित गांवों के स्कूलों में 16, 17 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज भी बारिश की संभावना

: रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि मानसून ट्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, पूर्वी राजस्थान और उससे लगे पश्चिम मध्य प्रदेश, दमोह, अंबिकापुर, पुरुलिया, कोंटाई, और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। 19 अगस्त को एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से आज 17 अगस्त को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुंगेली में चप्पल धोने के चक्कर में बहा युवक

वहीं मुंगेली में चप्पल धोने के चक्कर में आगर नदी में एक युवक बह गया। दो दिन बाद उसका मंगलवार को शव बरामद किया गया है। मुंगेली निवासी शेषनारायण सोनी नदी किनारे चप्पल धाने के दौरान पैर फिसलने से बह गया था। इसके बाद से प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम उसे तलाश कर रही थी। अफसरों ने बताया कि मंगलवार को जमहा के एनीकट से शेषनारायण का शव बरामद हुआ है। शव क्षत-विक्षत स्थिति में था। इसलिए मौके पर ही पोस्टमार्टम कराया गया।

छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों का 6 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा

■ एक अगस्त 2022 से लागू, फेडरेशन का 22 से हड़ताल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राज्य कर्मचारियों के आंदोलन के बाद सरकार ने महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ा दिया है। वित्त विभाग ने मंगलवार को 6 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया। इसके बाद कुल महंगाई भत्ता 28 प्रतिशत हो गया है। वहीं कर्मचारी संगठन अभी भी 12 प्रतिशत भत्ता बढ़ाने की मांग पर अड़े हुए हैं। राज्य सरकार के आदेश के मुताबिक सातवें वेतनमान वाले कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 6 प्रतिशत की वृद्धि कर 28 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं छठवें वेतनमान वाले कर्मचारियों को 15 प्रतिशत वृद्धि का लाभ दिया जाना है। उनका मंहगाई भत्ता 189 प्रतिशत हो गया है। ये भत्ता एक अगस्त 2022 से नकद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

22 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी

सरकार द्वारा 6 प्रतिशत डीए बढ़ाने के बाद भी कर्मचारी संगठन संतुष्ट नहीं है। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा, फेडरेशन में शामिल कर्मचारी संगठनों ने पहले ही अपना रुख साफ कर दिया है। हमें 12 प्रतिशत से कम मंजूर नहीं है। वह भी देय तिथि से दिया जाना चाहिए। सरकार ने हमारी मांग नहीं मानी ऐसे में सभी कर्मचारी 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

बीजेपी का मिशन 2023 : छग आएंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा व गृह मंत्री शाह

■ संगठन की स्थिति और समाज के लोगों से करेंगे मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा 2023 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पार्टी में फेरबदल के साथ ही अब राष्ट्रीय नेतृत्व का आवागमन छत्तीसगढ़ शुरू हो चुका है। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जल्द ही रायपुर आने की चर्चा है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ में भाजपा नेताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, दोनों ही नेता स्थानीय पदाधिकारियों व समाज के लोगों से मुलाकात कर पार्टी की नब्ज टटोलने वाले हैं। पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मीडिया को बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का दौरा तय है। हो सकता है वो 26 - 27 को आएं या 27-28 अगस्त को आएं। उनका दो दिन का प्रवास रहेगा। वो बूथ में जाएंगे, मंडल स्तर तक जाएंगे, जिले में जाएंगे, प्रदेश के कोर ग्रुप से बात करेंगे। दो दिनों तक प्रदेश में रहेंगे। डॉ रमन सिंह ने कहा कि इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम निर्धारित है। वो भी आएंगे और समाज के सभी वर्गों के साथ बात करेंगे। विकास की गौरवशाली यात्रा जो पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने देखी है, जो परिवर्तन आया उस पर वो बात करेंगे। आने वाले दिनों में भारत शीर्ष स्थान पर पहुंचेगा। देश में बदलाव का काम हो रहा है। आकांक्षी जिलों पर काम किया गया, इस पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

2023 की तैयारी में जुटी भाजपा

: भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सियासी थिंक टैंक का काम करने वाले अमित शाह साल 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को भी परखेंगे। प्रदेश भाजपा के केंद्रीय संगठन ने चुनाव को देखते हुए हर मोर्चे को अलग-अलग लक्ष्य दिया है। युवा मोर्चा को बेरोजगारी टेंट लगाने का निर्देश दिया गया है। आकांक्षी जिलों के कामकाज की समीक्षा रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी गई है। अमित शाह इस रिपोर्ट के आधार पर केंद्र की योजनाओं के प्रभाव का आकलन करेंगे। शाह ये भी देखेंगे कि केंद्र की योजनाओं के जरिए लोग भाजपा से खुद को कनेक्ट कर पाए।

बस्तर फाइटर्स भर्ती : 7 जिले के 2100 पदों के लिए परिणाम घोषित

■ नक्सल प्रभावित जिलों में 300-300 पदों पर होगी नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर संभाग के वनांचल क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा एवं विकास कार्यों में स्थानीय युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर सहित क्षेत्र में सकारात्मक योगदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस्तर फ इटर्स नामक विशेष बल के गठन हेतु नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इन स्वीकृत नवीन पदों में बस्तर, दन्तेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा एवं कोण्डागांव जिले में बस्तर फाइटर आरक्षक के 300-300 कुल 2100 पद स्वीकृत किए गए थे। संबंधित प्रक्रिया पूरी करने के बाद 2100 बस्तर्स फ इटर्स की चनय सूची और प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। भर्ती ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चयन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद सूची जारी

बस्तर फाइटर आरक्षक पद के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं लिखित परीक्षा में प्राप्तांको (मेरिट क्रमानुसार) के आधार पर बस्तर संभाग में कुल 3969 उम्मीदवारों का 01 अगस्त से 10 अगस्त 2022 तक संबंधित सभी जिला मुख्यालय में 20 अंकों का साक्षात्कार लिया गया। उपरोक्त समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर बस्तर फाइटर आरक्षक पद हेतु 15 अगस्त 2022 को उम्मीदवारों की चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है।

कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा देने में केंद्र नाकाम : सीएम

रायपुर। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में कश्मीरी पंडित समुदाय के एक व्यक्ति की हत्या पर नाराजगी भड़की है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार वहां पंडितों और दूसरे प्रदेश से गए मजदूरों को सुरक्षा देने में नाकाम रही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमती सुनीता भास्कर
अध्यक्ष, जनपद पंचायत
दन्तेवाड़ा
जय दयाल नागेश
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत
दन्तेवाड़ा
सरपंच
ग्राम पंचायत
नेरली
सरपंच
ग्राम पंचायत
गंजेनार
सरपंच
ग्राम पंचायत
कुम्हरास
विनीत : समस्त जनपद सदस्य जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा, जिला-दन्तेवाड़ा

15 अगस्त
आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्वतंत्रता दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं...
आन देश की शान देश की, देश की हम संतान हैं,
तीन रंगों से रंगा तिरंगा, अपनी ये पहचान है!
सौजन्य - सहायक आयुक्त
आदिम जाति कल्याण विभाग दन्तेवाड़ा

15 अगस्त
आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्वतंत्रता दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं...
तैरना है तो समंदर में तैरो नालों में क्या रखा है,
प्यार करना है तो देश से करो औरों में क्या रखा है।
सौजन्य - उप संचालक, पशुधन विकास विभाग दन्तेवाड़ा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं...
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
धरती सुनहरी अंबर नीला हर मौसम रंगीला,
ऐसा देश है मेरा।
सौजन्य - वनमंडलाधिकारी, वन मंडल दन्तेवाड़ा

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री से प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने की मुलाकात



रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में देश के प्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने सौजन्य मुलाकात की । उन्होंने मुख्यमंत्री को उनकी जन-हितैषी योजनाओं के लिए बधाई दी और अपनी नवीन कृति 'हँसी की वैक्सीन' भी भेंट की।

सीएम को अम्बिका सिंहदेव ने बांधा रक्षासूत्र

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके निवास कार्यालय में संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव ने राखी बांधी। मुख्यमंत्री श्री बघेल की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर श्रीमती सिंहदेव ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुदीर्घ एवँ सुखमय जीवन की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री ने श्रीमती सिंहदेव को रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने हलषष्ठी की दी शुभकामनाएं

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों विशेषकर सभी माताओं को हलषष्ठी (कमरछट) की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में हलषष्ठी मनाई जाती है।

छत्तीसगढ़ में यह त्यौहार कमरछठ के नाम से मनाया जाता है। इस दिन घरों और मंदिरों में तालाब के प्रतिरूप स्वरूप सगरी बनाई जाती है। महिलाएं इकट्ठा होकर पसहर चावल, काशी फूल, महुआ पत्ते, लाई अर्पित कर भगवान शिव और सगरी की पूजा-अर्चना करती हैं। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर अपने बच्चों के स्वास्थ्य, लंबी उम्र और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। मुख्यमंत्री ने कामना की है कि सभी माताओं की कामना पूरी हो, सभी बच्चे स्वस्थ और खुशहाल रहें।

डायरिया होने पर शरीर में पानी की कमी न होने दें

रायपुर (नव प्रदेश)। बरसात के मौसम में कई बीमारियों की आशंका रहती है। डायरिया भी इनमें से एक है। डायरिया दूषित जल के सेवन से होने वाली बीमारी है जो जरा सी लापरवाही के चलते गंभीर रूप धारण कर सकती है तथा इससे व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। छोटे बच्चों में डायरिया की बीमारी बहुत खतरनाक हो सकती है, क्योंकि यह बच्चे को एक दिन में ही बहुत ज्यादा कमजोर कर देता है। भारत में जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण डायरिया है। डायरिया के प्रमुख लक्षणों में बार-बार मल त्याग करना, मल बहुत पतला होना, तीव्र दशाओं में रोगी के पेट के पूरे निचले भाग में दर्द और बेचैनी महसूस होना प्रमुख है। बीमारी बढ़ने पर आंतों में मरोड़ या पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द भी होने लगता है। डायरिया जल्दी काबू में न आए तो निर्जलीकरण की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे मरीज कमजोरी महसूस करता है। ऐसी स्थिति में बुखार आना सामान्य बात है। शरीर में पानी के साथ खनिज तत्वों की ज्यादा कमी होने लगे तो मरीज बेहोशी की हालत में जा सकता है और स्थिति जानलेवा हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, अगर दिन में तीन से ज्यादा बार पानी के साथ अधिक मात्रा में मलत्याग हो रहा हो तो यह डायरिया का लक्षण है। डायरिया में रोगी के शरीर में पानी की अत्यधिक कमी हो जाती है जिससे उसका शरीर कमजोर हो जाता है। इसके बाद शरीर में संक्रमण फैलने का खतरा बहुत बढ़ जाता है। उचित समय पर सही इलाज नहीं होने पर रोगी की जान भी जा सकती है। सामान्य रूप से डायरिया तीन से सात दिनों में ही ठीक हो पाता है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार तीन तरह के वायरस खासतौर से डायरिया का संक्रमण फैलाते हैं। 'नोरो-वायरस' और 'रोटा-वायरस' पांच साल से कम उम्र के बच्चों को सबसे ज्यादा संक्रमित करते हैं। वयस्कों को भी ये अपना शिकार बना सकते हैं। 'एडेनो-वायरस' किसी भी उम्र के व्यक्ति के लिए डायरिया का कारण बन सकता है।

राज्य ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित एक गरिमामय समारोह में बैंक के अध्यक्ष श्री आई के गोहिल ने ध्वजारोहण किया।अध्यक्ष श्री आई के गोहिल ने कार्यक्रम में देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों को नमन कर पूरे देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।बैंक के सेवायुक्तो को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री आई के गोहिल ने कहा कि उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान कर प्रदेश और देश के आर्थिक विकास में सकारात्मक भूमिका निभाए और यह प्रयास करे की छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की तुलना हमारे देश के अग्रणी बैंको में हो।उन्होंने सभी को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई दी और प्रधान कार्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक श्री विजय अग्रवाल, श्री ए के बेहेरा, श्री अरविंद मित्तल, श्री ए के निराला और सहायक महाप्रबंधक श्री सतीष कश्यप , श्री जी एन मूर्ति ने भी अपने ओजस्वी उदबोधन से समा बांध दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संतोष परिहार नवीन शर्मा, रतन झा, मोहित सिंघल, अभिलाष अवस्थी ,सुनील शर्मा ने देशभक्ति गायन और कविता से सेवायुक्तो का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री प्रभु बेदी ने किया कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक श्रीमती चित्रलेखा साहू, शिशिर शुक्ला, सुभाष नायडू,,गोविंद विश्वकर्मा,मनोज उस्तान, आर के लालवानी और क्षेत्रीयप्रबंधक अमरजीत खनूजा उपस्थित थे।

न्याय की विरासत के साथ आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़ : भूपेश

गांधी जयंती से शुरू होंगे 'रूरल इंडस्ट्रियल पार्क' : एक वर्ष में 300 पार्क की स्थापना का लक्ष्य

- जन्माष्टमी से 'कृष्ण कुंज योजना' की होगी शुरूआत
- छत्तीसगढ़ में 5.03 लाख से अधिक वन अधिकार पत्र वितरित
- पेसा कानून से ग्राम सभाओं को मिलेगा जल-जंगल-जमीन के बारे में खुद फैसला लेने का अधिकार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन और गौरवशाली अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में ध्वजारोहण करने के बाद प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनता के नाम अपने स्वतंत्रता दिवस संदेश में कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ से फिर एक नया सफर शुरू होगा, जो न्याय की हमारी विरासत के साथ आगे बढ़ेगा और 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का लक्ष्य पूरा करेगा।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आजाद भारत के अमृत महोत्सव के मायने और मूल्यों को समझने के लिए हमें दो शताब्दियों की गुलामी को याद करना होगा। हमारे पुरखों ने अपनी जान दांव पर लगाकर, फिरंगी सरकार के खिलाफबगावत का झंडा बुलंद किया था। उनका त्याग और बलिदान देश की भावी पीढ़ियों का जीवन खुशहाल बनाने के लिए था। हमारा कर्त्तव्य है कि उनके सपनों को साकार करें और उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीदों गैंदसिंह, वीर नारायण सिंह, मंगल पाण्डे, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतिबाई लोधी जैसी हजारों विभूतियों की शहादत हमें देश के लिए सर्वोच्च बलिदान की प्रेरणा देती रहेगी। स्वतंत्रता संग्राम और आजाद भारत को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, लाल बहादुर शास्त्री, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लाल-बाल-पाल, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसी विभूतियों ने राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व दिया था। वहीं वीर गुण्डाधूर, पं. रविशंकर शुक्ल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, डॉ. खूबचंद बघेल, पं. सुंदरलाल शर्मा, डॉ. ई.राघवेन्द्र राव, क्रांतिकुमार, बैरिस्टर छेदीलाल, लोचन प्रसाद पाण्डेय, यतियतन लाल, डॉ. राधाबाई, पं. वामनराव लाखे, महंत लक्ष्मीनारायण दास, अनंतराम बर्छिहा, मौलाना अब्दुल रऊफ खान, हनुमान सिंह, रोहिणीबाई परगनिहा, केकतीबाई बघेल, श्रीमती बेलाबाई, इंदरू केंवट, उदय राम वर्मा, खिलावन बघेल, घसिया मंडल जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्रीय आंदोलन में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की थी, मैं इन सभी को सादर नमन करता हूं। देश की एकता और अखण्डता, संविधान व लोकतंत्र के प्रति आस्था को बचाए रखना एक चुनौती थी और इसके लिए भी हमारे देश की सेनाओं व सुरक्षा बलों के जवानों ने शहादत दी है। मैं उन अमर शहीदों को भी सादर नमन करता हूं।

प्रकृति-सम्मत विकास की राह पर आगे बढ़ा छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस के संदेश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आखिरी वसीयतनामे का उल्लेख करते हुए कहा था-'भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता तो प्राप्त कर ली है, लेकिन उसे अभी शहरों और कस्बों से भिन्न अपने सात लाख गांवों के लिए सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करना बाकी है'। आज देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं। कृषि व वन भूमि का कम होना, पर्यावरण असंतुलन, प्रदूषण, बीमारियों, महंगाई, बेरोजगारी आदि से लोगों का जीवन संकटमय हुआ है। हमने पुरखों की सीख और माटी की संस्कृति का सम्मान करते हुए कृषि तथा वन उत्पादों, परंपरागत ज्ञान, आधुनिक साधनों व रणनीतियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का रास्ता चुना। मुझे गर्व है कि हम आजादी की 75वीं सालगिरह के अवसर पर देश और दुनिया के सामने, बापू के सिद्धांतों और विचारों के अनुरूप कार्य करने में सफल हुए हैं। इसमें प्रकृति-सम्मत विकास, हर व्यक्ति को गरिमा, न्याय व बराबरी के अवसर देने वाली योजनाएं और कार्यक्रम शामिल हैं। न्याय योजनाओं की जो पहल की थी, उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए भी संकल्पबद्ध हैं। यही वजह है कि 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है और इससे लगभग 13 हजार करोड़ रुपए की राशि किसानों को दी जा चुकी है। इस तरह एक सीज़न में किसानों को प्रति एकड़ 9 हजार रुपए की आदान सहायता देने वाला देश का पहला राज्य हमारा छत्तीसगढ़ है। 'गोधन न्याय योजना' भी तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, इसके अंतर्गत अब-तक गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूहों को 312 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं।

प्रदेश के तीन उत्कृष्ट स्वावलंबी गौठान किए गए सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में आर्थिक गतिविधियों के कुशल संचालन एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश के तीन स्वावलंबी गौठानों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इन तीनों गौठानों को 50-50 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के केसरा गौठान, रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के चटौद गौठान और कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा के डोन्डे, हरनगढ़ गौठान को सम्मानित किया गया। इन तीनों गौठानों के गौठान समिति के अध्यक्ष क्रमशः सर्वश्री कनक सोनी, तिलक वर्मा और विष्णु साहू ने अपने-अपने गौठान की तरफ से यह सम्मान ग्रहण किया।

क्रमशः सर्वश्री कनक सोनी, तिलक वर्मा और विष्णु साहू ने अपने-अपने गौठान की तरफसे यह सम्मान ग्रहण किया।सुराजी गांव के अंतर्गत राज्य स्तरीय गोधन न्याय सेल में योजना के संचालन, क्रियान्वयन और समन्वय में उत्कृष्ट कार्य के लिए चार अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें कृषि विभाग के संयुक्त संचालक रामलखन खरे, ओएसडी डॉ. मौसम मेहरा, सहायक संचालक चंदन राय और चिप्स के वरिष्ठ सलाहकार नीलेश सोनी शामिल हैं। इनमें कृषि विभाग के संयुक्त संचालक रामलखन खरे, ओएसडी डॉ. मौसमकेसरा गौठान में स्वसहायता समूह के जरिए पशुपालकों से 4900 क्विंटल गोबर खरीदकर उससे 1700 क्विंटल कम्पोस्ट तैयार कर विक्रय किया गया है। केसरा गौठान में आर्थिक गतिविधियों के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूहों द्वारा मुर्गीपालन, बकरीपालन, मछलीपालन, बाड़ी विकास एवं तेल पेराई मशीन जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

राज्यपाल उइके ने राजभवन में किया ध्वजारोहण

रायपुर(नव प्रदेश)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फ हराया एवं सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर राजभवन सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं बच्चों से बड़ी आत्मीयता से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उप सचिव दीपक अग्रवाल, राज्यपाल के परिसहाय द्वय सूरज सिंह परिहार एवं मेजर सिद्धार्थ सिंह, नियंत्रक हरवंश सिंह मिरी सहित राजभवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। परेड का नेतृत्व सुश्री दीपमाला कुर्रे ने किया।

मुख्यमंत्री ने वीरांगना अवंतीबाई की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उन्हें नमन किया । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी देशभक्ति, शौर्य और बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

प्रदेश के 10 अफसरों को पुलिस वीरता पदक और 10 अधिकारियों को मिला भारतीय पुलिस पदक

जेल विभाग के 8 अधिकारियों को सराहनीय सुधार सेवा पदक

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। सीएम भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में पुलिस और जेल विभाग के अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक, सराहनीय सेवा के लिए भारतीय पुलिस पदक, यूनियन होम मिनिस्टर मेडल, सराहनीय सुधार सेवा पदक, गुरू घासीदास पुरस्कार, राज्यपाल पुरस्कार, रानी सुबरन कुंवर पुरस्कार, वीर नारायण सिंह पुरस्कार और पुलिस महानिदेशक पुरस्कार के लिए चयनित अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने वर्ष 2021 और 2020 में इन पुरस्कारों के लिए चयनित अधिकारियों को भी

पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में सभी अधिकारियों को किया पुरस्कृतराज्य स्तरीय समारोह में सभी अधिकारियों को किया पुरस्कृत राज्य स्तरीय समारोह में सभी अधिकारियों को किया पुरस्कृत बराज्य स्तरीय समारोह में सभी अधिकारियों को किया। सीएम बघेल ने प्रदेश के दस अधिकारियों कों इस साल (2022) के पुलिस वीरता पदक, दस अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए भारतीय पुलिस पदक, आठ अधिकारियों को यूनियन होम मिनिस्टर मेडल तथा जेल विभाग के आठ अधिकारियों को सराहनीय सुधार सेवा पदक से पुरस्कृत किया। बिलासपुर आईजी रतनलाल डांगी और छत्तीसगढ़ बल, बीजापुर में 15वीं वाहिनी के सेनानी विवेक शुक्ला को भी सराहनीय सेवा के लिए भारतीय पुलिस पदक प्रदान किया।

छत्तीसगढ़ में अब तक 904.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (नव प्रदेश)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 904.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 16 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1906.1 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 362.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 523.0 मिमी, बलरामपुर में 476.2 मिमी, जशपुर में 533.1 मिमी, रायपुर में 690.1 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

प्रदेश में शराबबंदी के लिए अन्य राज्यों का भ्रमण कर रिपोर्ट तैयार करेटी कमेटी

रायपुर (नव प्रदेश)। राज्य में पूर्ण शराब बंदी लागू किये जाने के संबंध में अनुशंसा हेतु राज्य के प्रमुख राजनैतिक दलों के विधायकों की राजनैतिक समिति की तृतीय बैठक आज नया रायपुर के वाणिज्य कर एवं जीएसटी भवन के आबकारी आयुक्त कार्यालय में विधायक सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष विधायक शर्मा ने बताया कि राजनैतिक समिति में सदस्य के रूप में शामिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी तथा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से 2-2 नाम मांगे गए थे। किंतु इन दोनों पार्टियों द्वारा विधायकों के नाम देने से इंकार किये जाने के संबंध में प्राप्त पत्र की जानकारी सदस्यों को दी। अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि पूर्ण शराबबंदी के लिए किए जाने वाले आवश्यक तैयारी के अध्ययन के लिए दल का गठन किया जाएगा। अध्ययन दल द्वारा अन्य राज्यों जहां वर्तमान में पूर्ण शराब बंदी लागू है। इसके लिए संबंधित राज्यों को अवगत कराते हुए अनुमति ली जाएगी। अनुमति मिलने पर अध्ययन भ्रमण के लिए कार्यक्रम बनाया जाएगा। बैठक में सदस्यों द्वारा राज्य में अवैध मदिरा विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने हेतु सुझाव दिया गया साथ ही अवैध मदिरा की जब्ती पर बनाये जाने वाले पंचनामे पर संबंधित ग्राम के सरपंच, ग्राम पटेल, कोतवाल तथा समाज प्रमुख/प्रबुद्ध नागरिकों को पंचनामे में उनका हस्ताक्षर अनिवार्य किये जाने का सुझाव दिया गया।

कलिंगा विश्वविद्यालय में हर्षोल्लोष मनाया स्वतंत्रता दिवस

आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर राज्य के विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री की सौगात

रायपुर/ नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर, नया रायपुर में सोमवार, 15 अगस्त, 2022 को बड़े उत्साह के साथ 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। यह उत्सव ''आजादी का अमृत महोत्सव'' का हिस्सा था, जो की प्रगतिशील भारत और मानव प्रयास के सभी क्षेत्रों में भारतीयों द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धियां की 75वीं वर्षगांठ मनाने की एक पहल है।

मुख्य अतिथि कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर श्रीधर थे, उन्होंने डॉ आशा अंभईकर, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, अन्य सभी विभागाध्यक्ष संकाय सदस्यों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। अपने संबोधन में डॉ. श्रीधर ने जोर देकर कहा कि आजादी के बाद भारत ने खुद को मज़बूत लोकतंत्र वाले देश के रूप में साबित किया है। 1947 में स्वतंत्रता के बाद कुछ देशों की राय थी कि राज्य अगले 10 वर्षों में अलग-अलग देशों में विभाजित हो जाएंगे, क्योंकि 1000 से अधिक भाषाएँ और बोलियाँ थीं। लोगों को लोकतंत्र का ज्ञान नहीं था और साक्षरता दर

30 प्रतिशत थी। भारत ने साबित कर दिया है कि हम लोकतांत्रिक हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कभी भी मंदी नहीं आ सकती क्योंकि हमारे देश में गेहूं उगाया जा रहा है और पूरा देश भोजन के लिए दूसरे देशों पर निर्भर नहीं है। इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी रहित साबित हुई। भारतीयों ने साबित कर दिया है कि विभिन्न भाषा और विविधता के बावजूद भारतीय एकजुट हैं। यह अनेकता में एकता की सच्ची तस्वीर है। उन्होंने कहा कि हमें लोकतंत्र की शपथ लेनी चाहिए। प्रत्येक भारतीय को बोलने का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, धर्म का पालन करने का अधिकार है, यह सब हमारे नेताओं का उपहार है जिन्होंने देश का विकास किया। लोकतंत्र को जिंदा रखना हमारी जिम्मेदारी है और हमें शपथ लेकर देश के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ''आप जो भी काम कर रहे हैं, उसे पूरे मन से करें''।

फैशन डिजाइनिंग की प्राध्यापिका डॉ स्मिता प्रेमानंद ने दर्शकों के सामने देशभक्ति की कविता पेश की और ''हर घर तिरंगा आंदोलन'' का संदेश दिया। भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ ए राजशेखर ने देशभक्ति पर कविता प्रस्तुत की। उन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और लगातार देश के सीमांओं की रक्षा करने वाले सैनिकों को नमन किया ।

डॉ अभिषेक त्रिपाठी, डीन ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने चटगांव के एक स्कूल शिक्षक श्री सूर्य सेन और स्वतंत्रता के बाद हमारे राजनीतिक नेताओं द्वारा किए गए योगदान पर एक प्रेरक भाषण दिया।

संपादकीय

भ्रष्टाचार की जड़ पर प्रहार जरूरी

इस बार स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्‌बोधन में भ्रष्टाचार पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। यद्यपि उन्होंने अपने लगभग डेढ़ घंटे के भाषण में सभी मुद्दों की चर्चा की लेकिन उनका जोर भ्रष्टाचार जैसी विकट समस्या पर रहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक भ्रष्टाचार ने देश को दीमक की तरह खोखला किया है लेकिन अब भ्रष्टाचार पर कड़ाई पूर्वक अंकुश लगाने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है, जिन लोगों ने देश को लूटा है उनसे भी वसूली की जाएगी। वास्तव में भ्रष्टाचार ही देश के विकास में बाधक बना हुआ है। आजादी के बाद से भ्रष्टाचार धीरे धीरे शिष्टाचार के रूप में तब्दील होता गया। स्थिति यहां तक जा पहुंची की चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियों ने भ्रष्टाचार को चुनावी मुद्दा बनाना ही बंद कर दिया। दरअसल भ्रष्टाचार का परनाला ऊपर से नीचे की ओर बहता है। जब तक इसके उद्‌गम स्थल पर रोक नहीं लगाई जाएगी तब तक भ्रष्टाचार पर रोक लगाना मुश्किल होगा। जरूरी यह है कि भ्रष्टाचार की जड़ पर करारा प्रहार किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब पहली बार देश की बागडोर संभाली थी तब उन्होंने कहा था कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। बेशक प्रधानमंत्री न खाते हो लेकिन वे भ्रष्टसूरों को खाने से नहीं रोक पा रहे है। यही वजह है कि जो भी नेता या नौकरशाह आयकर विभाग या ईडी के शिकंजे में फंसता है वह करोड़ों और अरबों का आसामी निकलता है। उनके घरों से रद्दी कर तरह नोटों के बंडल बरामद होते है। ये तो कुछ ही भ्रष्टाचारी है जो निशाने पर आए है ऐसे भ्रष्टाचारियों की देश में पूरी फौज है जिनके खिलाफ कार्यवाही करना आसान नहीं है। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मौजूदा कानूनों को और कड़ा बनाने की आवश्यकता है। जब तक भ्रष्टाचार करने वालों को कम से कम आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान नहीं किया जाएगा तब तक भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक और बात कही है जो बिल्कुल सही है कि भ्रष्टाचारियों का बहिष्कार होना चाहिए। उनका महीमामंडन नहीं किया जाना चाहिए। इसके लिए सामाजिक चेतना जगाने की आवश्यकता है। आज हालात यह है कि तो जितना बड़ा भ्रष्टाचारी होता है वे समाज में उतनी ही ज्यादा इज्जत पाता है क्योंकि पैसा बोलता है। समाज को भी अपनी यह मानसिकता बदलनी होगा और भ्रष्टाचारियों का सम्मान करना बंद करना होगा, तभी भ्रष्टाचारियों को सबक मिलेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में हमारा भारत भ्रष्टाचार मुक्त हो सकेगा।

विचार

सिर्फ तिरंगा फहराना काफी नहीं

आजादी के 75 वें साल को मनाने के लिए हर घर में तिरंगा फहर रहा है, यह तो बहुत अच्छी बात है। भारत सरकार का यह अभियान इसलिए भी सफल हो गया है कि इसे सभी दलों का समर्थन मिल गया है। यहां तक की कांग्रेस का भी! हालांकि कांग्रेस पार्टी के तिरंगे और भारत के तिरंगे में बड़ा बारीक फर्क है, जिसे लोग प्राय: अनदेखा ही कर देते हैं। कांग्रेस के तिरंगे के बीच में चरखा है और राष्ट्रीय तिरंगे के बीच में चक्र है। अशोक का धर्म-चक्र ! अब तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी तिरंगा फहरा रहा है। इस तिरंगे का सूत्रपात सबसे पहले मदाम भीकायजी कामा और वीर सावरकर ने किया था। लेकिन असली सवाल यह है कि आजादी का जश्न सिर्फ तिरंगा फहराने से पूरा हो जाएगा क्या? यह तो वैसा ही हुआ, जैसा कि हमारे मंदिरों में होता है। देवताओं की मूर्ति पर भक्त लोग माला चढ़ाते हैं, भजन गाते हैं और फिर रोजमर्रा की जिंदगी जस की तस गुजारने लगते हैं। जो नेता ढ़ूंडे वादों पर जिंदा हैं, जो अफसर रिश्वतजीवी हैं और जो व्यापारी मिलावटखोर हैं, उनके आचरण में जरा भी परिवर्तन नहीं आता है। जिसे विद्वान लोग मूर्तिपूजा या प्रतीक पूजा या जड़-पूजा कहते हैं, मुझे डर है कि वही हाल इस तिरंगा-पूजा का भी हो रहा है। असली तिरंगा-पूजा तो तब होगी जबकि हम इस रंग-बिरंगे भारत को सारी दुनिया के सामने फहराकर कह सकें कि भारत जैसा देश दुनिया में कोई और नहीं? भारत के बारे में यह सोच कोई हवाई सपना भर नहीं है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत के साथ-साथ और बाद में भी दर्जनों देश आजाद हुए लेकिन लोकतंत्र कहां-कहां कायम रहा? भारत का जो मूल संविधान बना था, वह आज भी चल रहा है। लेकिन हमारे लगभग सभी पड़ौसी देशों के संविधान एक बार नहीं, कई बार बदल चुके हैं। आजादी के बाद भारत को कई देशों के सामने झोली फैलानी पड़ती थी लेकिन वैसा करना तो अब दूर रहा लेकिन ज़रा नजर डालें तो मालूम पड़ेगा कि आज भारत कई अन्य देशों की झोलियां भर रहा है। भारत के नागरिक इस समय दुनिया भर के लगभग दर्जन भर देशों में उनके शीर्षस्थ पदों पर विराजमान हैं। ये लोग जिस देश में भी जाकर बसे हैं, उस देश के सबसे समृद्ध सुशिक्षित और संस्कारित वर्ग के लोगों के रुप में जाने जाते हैं। भारत का यह मयूर-नृत्य है। मोरपंखों की सुंदरता अत्यंत मनमोहक है लेकिन उसके पांवों का हाल क्या है? आज भी करोड़ों लोग गरीबी-रेखा के आस-पास अपनी जिंदगी ढो रहे हैं। देश के करोड़ों लोगों को आज भी शिक्षा और चिकित्सा की समुचित सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। आज आजादी के 75 वर्ष तो हम मना रहे हैं लेकिन अंग्रेजी भाषा और संस्कृति की गुलामी ज्यों की त्यों जारी है। उससे मुक्त होने के लिए सिर्फ तिरंगा फहराना काफी नहीं है।

जांच एजेंसियों का बेजा इस्तेमाल न हो

राजेश माहेश्वरी

> राजनीति के जानकारों के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव सिर्फ विपक्ष की कमजोरी के कारण जीतना चाहती है क्योंकि उसके परंपरागत राजनीतिक हथियार हिंदुत्व को अब वो इतनी धार नहीं दे सकती कि बड़ी कामयाबी हासिल कर सके भाजपा के चाणक्य गृहमंत्री अमित शाह लोकसभा चुनाव 2024 में 400 सीटों का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं उसके लिए तो कुछ अलग तिगड़म भाजपा को लगानी होगी। नुपुर शर्मा प्रकरण के बाद भाजपा खुद अब ज्यादा सांप्रदायिक माहौल बना कर या हिन्दू मुस्लिम शोर मचाने से बच बच रही है, पिछड़े मुसलमानों के बहाने भाजपा अब मुसलमानों में पैठ बना कर दुनिया को सिकुलर चेहरा दिखाना चाहती है जो उसके हिंदुवादी छवि के बिल्कुल विपरीत है। लोकतंत्र का मूल चरित्र होता है पक्ष और विपक्ष के सहयोग-सामंजस्य से शासन चलाना। भारी बहुमत से हासिल सत्ता के ये मायने कदापि नहीं है कि विपक्षी दलों की आवाज को कमजोर किया जाये।

बीते कुछ समय से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की सक्रियता को लेकर विपक्ष ने जोरदार तरीके से सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। विपक्ष का आरोप है कि गैर-भाजपा वाली राज्य सरकारों व उनके नेताओं को ही जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। जबकि भाजपा शासित राज्यों में किसी नेता पर कार्रवाई होती नजर नहीं आती। यही वजह कि हाल ही में ईडी के अधिकारों को लेकर आए शीर्ष अदालत के फैसले पर विपक्षी दलों ने निराशा जतायी है। सरकार को पक्ष साफ है कि जांच एजेंसियां कानून के अंतर्गत अपना काम कर रही हैं। देश की सर्वोच्च अदालत भी ईडी की कार्यवाही पर अपना मंतव्य साफकर चुकी है।

ये कोई पहला अवसर नहीं है जब जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली और कार्यवाही पर इस तरह का हंगामा मचाया जा रहा हो। जिस भी दल की सरकार सत्ता में होती है, उस पर विपक्ष ये आरोप लगाता ही है कि सरकार और सरकारी एजेंसियां राजनीति के तहत ये कार्यवाही कर रही हैं। इन जांच निष्पक्ष नहीं है। इनकी कार्यवाही राजनीति से प्रेरित है। पिछले दिनों संसद के मानसून सत्र के दौरान भी विपक्ष ने जांच एजेंसियों के मुद्दे को सदन में जोर-शोर से उठाया है, जिससे सदन की कार्यवाही भी बाधित हुई। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह दावा भी किया कि यह जांच एजेंसी विपक्षी दलों को बर्बाद करने के लिए भाजपा सरकार का औजार बन चुकी है।

देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस समेत 17 विपक्षी दलों ने साझा बयान जारी करके प्रवर्तन निदेशालय को मिले अधिकारों पर सवाल उठाकर धनशोधन निवारण कानून यानी पीएमएलए की समीक्षा की भी मांग की है। विपक्ष का मानना है कि ईडी को मिले अधिकारों पर शीर्ष अदालत के फैसले से केंद्र सरकार की मनमानी बढ़ेगी। कालांतर सरकारें मनमाने व्यवहार करेंगी और भारतीय लोकतंत्र में उसके दूरगामी परिणाम होंगे। विपक्ष का कहना है कि कोर्ट के फैसले से धनशोधन निवारण कानून में किये गये संशोधनों को यथावत रखा गया है। इन संशोधनों की व्यापक पड़ताल की जरूरत थी। दरअसल, विपक्षी दलों को आशंका है कि ईडी के अधिकारों को मान्यता से केंद्र सरकार की राजनीतिक प्रतिशोध की प्रवृत्ति बढ़ेगी। विपक्ष ने विश्वास जताया है कि इसके बावजूद कालांतर सवैधानिक प्रावधानों की

ही जीत होगी। उल्लेखनीय है कि इस साझा बयान पर कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, सीपीएम, सीपीआई, आरजेडी, शिवसेना आदि सत्रह दलों की सहमति है।

दरअसल, बड़े बहुमत से सत्ता में लगातार दूसरी बार आई भाजपा की केंद्र सरकार पर विपक्ष बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाता रहा है। महाराष्ट्र में पूर्व सरकार के मंत्रियों व नेताओं के अलावा पश्चिम बंगाल आदि में प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी को विपक्ष राजनीतिक दुराग्रह की कार्रवाई के रूप में देखता है। नेशनल हेराल्ड मामले में कार्रवाई को इसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। सर्वप्रथम कांग्रेस के दो शीर्ष नेताओं से पूछताछ और फिर नेशनल हेराल्ड के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी को राजनीतिक दुराग्रह के रूप में देखा जा रहा है। फिर यंग इंडियन के दफ्तर को सील करने पर भी विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। वास्तव में किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी समाचार पत्र के कार्यालय में इस तरह की कार्रवाई कई सवालों को जन्म देती है। ऐसी कार्रवाई करते समय केंद्रीय एजेंसियों को अपनी विश्वसनीयता का ख्याल भी रखना चाहिए। जैसे कि शीर्ष अदालत कई बार सीबीआई को पिंजरे के तोते की संज्ञा देकर उसकी विश्वसनीयता का प्रश्न उठाती रही है। सरकारें तो आती-जाती रहती हैं लेकिन लोकतंत्र की विश्वसनीयता व कानून की व्यवस्था के अनुपालन के लिये इन एजेंसियों को नीर-क्षीर विवेक से काम लेना चाहिए। इस कार्रवाई की विश्वसनीयता व तार्किकता से देश की जनता को भी सहमत होना चाहिए। निस्संदेह, देश में भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए, लेकिन कोई कार्रवाई राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जनादेश से होने वाले बदलाव के बाद फिर इसी तरह दुराग्रह से कार्रवाई का सिलसिला चलता रहेगा। ईडी जिस प्रकार ताबड़तोड़ कार्रवाई विपक्षी नेताओं के खिलाफ कर रही है उससे जाहिरी तौर पर यह लगता था कि इससे विपक्ष बेदम होकर भाजपा के सामने नतमस्तक हो जाएगा लेकिन अब जब सभी बड़े नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक भी ईडी के हाथ बेहिचक होकर पहुंचे जा रहे हैं तब यह कहना अब मुश्किल है कि इससे विपक्ष या गैर भाजपाई दल बेदम होकर नतमस्तक करेंगे। ईडी की इन कार्रवाइयों की आलोचना तो हो रही है और उसके अधिकार व तौर तरीकों पर उंगली उठाई जा रही है लेकिन फिर भी ईडी अपना काम लगातार जारी रखे हुए है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि शुरुआत में तो लग रहा था कि ईडी से राजनीतिक दल डरते रहेंगे लेकिन अगर ऐसे ही नेता ईडी का शिकार होते रहे तो धीरे धीरे भाजपा के खिलाफ एक बड़ा गठबंधन ईडी पीड़ितों का जमा हो जाएगा जो भाजपा के लिए बड़ा और नया दर्दसर बन जाएगा।

राजनीति के जानकारों के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव सिर्फ विपक्ष की कमजोरी के कारण जीतना चाहती है क्योंकि उसके परंपरागत राजनीतिक हथियार हिंदुत्व को अब वो इतनी धार नहीं दे सकती कि बड़ी कामयाबी हासिल कर सके भाजपा के चाणक्य गृहमंत्री अमित शाह लोकसभा चुनाव 2024 में 400 सीटों का लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं उसके लिए तो कुछ अलग तिगड़म भाजपा को लगानी होगी। नुपुर शर्मा प्रकरण के बाद भाजपा खुद अब ज्यादा सांप्रदायिक माहौल बना कर या हिन्दू मुस्लिम शोर मचाने से बच बच रहा है, पिछड़े मुसलमानों के बहाने भाजपा अब मुसलमानों में पैठ बना कर दुनिया को सिकुलर चेहरा दिखाना चाहती है जो उसके हिंदुवादी छवि के बिल्कुल विपरीत है। लोकतंत्र का मूल चरित्र होता है पक्ष और विपक्ष के सहयोग-सामंजस्य से शासन चलाना। भारी बहुमत से हासिल सत्ता के ये मायने कदापि नहीं है कि विपक्षी दलों की आवाज को कमजोर किया जाये। उन्हें वित्तीय अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिये बनी केंद्रीय एजेंसियों के जरिये दबाया जाये। हालांकि, यह कोई नई प्रवृत्ति नहीं है और विगत में कई केंद्र में आसीन सरकारों पर भी इन सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप विपक्ष द्वारा गाहे-बगाहे लगाये जाते रहे हैं। बात केवल इतनी ही कि ऐसे कानूनों व एजेंसियों के दुरुपयोग के मामलों की संख्या में कुछ अंतर रहता है। ऐसा पहले भी होता रहा है। सरकार और विपक्ष के बीच जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर बहस चलती रही है।

असीम संभावनाओं के साथ पर्यटकों को लुभा रहा छत्तीसगढ़ का नैसर्गिक सौंदर्य

मनोज सिंह
सहायक संचालक

> कोरोना महामारी के वैश्विक संकट के इस दौर में केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व की अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। किसी भी राज्य के आर्थिक विकास में पर्यटन की विशेष भूमिका होती है और वर्तमान दौर में पर्यटन उद्योग आर्थिक रूप से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। लेकिन इन सबके बावजूद छत्तीसगढ़ शासन ने विकास की गति को अवरूद्ध नहीं होने दिया है। लॉकडाउन के विभिन्न चरणों के दौरान पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की पर्यटन नीति 2020 तैयार की गई है। इस पर्यटन नीति के तहत मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करना, ग्रामीण पर्यटन का विकास करना स्थानीय लोगों को गाइड ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत पर्यटन उद्योग से जोड़ना है।

पर्यटन की दृष्टि से छत्तीसगढ़ अत्यंत समृद्ध राज्य है। छत्तीसगढ़ की धरती वन और खनिज संपदा से भरपूर तो है ही इसके साथ ही यहां की कला, संस्कृति और पर्यटन स्थल भी आकर्षण के केन्द्र है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशन और छत्तीसगढ़ के पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा प्रदेश में पर्यटन विकास एवं पर्यटकों की गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि कोविड महामारी के दौर से उबरने के बाद छत्तीसगढ़ में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2021 में भारतीय और विदेशी मिलाकर 1 करोड़ 15 लाख 32 हजार सैलानियों ने छत्तीसगढ़ का भ्रमण किया है।



कोरोना महामारी के बाद भी एक साल में 1.15 करोड़ सैलानी पहुंचे छत्तीसगढ़

कोरोना महामारी के वैश्विक संकट के इस दौर में केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व की अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। किसी भी राज्य के आर्थिक विकास में पर्यटन की विशेष भूमिका होती है और वर्तमान दौर में पर्यटन उद्योग आर्थिक रूप से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। लेकिन इन सबके बावजूद छत्तीसगढ़ शासन ने विकास की गति को अवरूद्ध नहीं होने दिया है। लॉकडाउन के विभिन्न चरणों के दौरान पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की पर्यटन नीति 2020 तैयार की गई है। इस पर्यटन नीति के तहत मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करना, ग्रामीण पर्यटन का विकास करना स्थानीय लोगों को गाइड ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत पर्यटन उद्योग से जोड़ना है ताकि पर्यटन विकास के सार्थक परिणाम मिल सके। पर्यटकों के लिए होमस्टे की योजना पर कार्य किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण अंचल और जनजाति समुदाय की जीवन शैली, परिवेश और स्थानीय खानपान से पर्यटकों को अनुभव प्राप्त हो सके। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना राम वन गमन पर्यटन परिपथ निर्माण के प्रथम चरण में 9 स्थलों का चयन कर विकास कार्यों हेतु भगवान राम के ननिहाल चंदखुरी और जांजगीर के शिवरीनारायण में विकास कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

> छत्तीसगढ़ में लगभग 138 स्थल पर्यटन स्थल के रूप में रूप में चिन्हित है। पर्यटन के बहुआयामी क्षेत्र में विशेषकर जनजातीय अंचलों में स्थित चुनिंदा पर्यटन स्थलों में खान-पान एवं आवास की बेहतरीन सुविधायुक्त होटल, मोटल, रिसॉर्ट एवं रेस्टोरेंट का निर्माण कर पर्यटकों को सुविधाएं दी जा रही है। भारत के हृदय स्थल में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर में सतपुड़ा पहाड़ियों का उच्चतम भूभाग है तो मध्य में महानदी तथा उसकी सहायक नदियों का मैदानी भाग है। इसके दक्षिण में बस्तर का विस्तृत पठार है।

छत्तीसगढ़ में लगभग 138 स्थल पर्यटन स्थल के रूप में रूप में चिन्हित है। पर्यटन के बहुआयामी क्षेत्र में विशेषकर जनजातीय अंचलों में स्थित चुनिंदा पर्यटन स्थलों में खान-पान एवं आवास की बेहतरीन सुविधायुक्त होटल, मोटल, रिसॉर्ट एवं रेस्टोरेंट का निर्माण कर पर्यटकों को सुविधाएं दी जा रही है। भारत के हृदय स्थल में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर में सतपुड़ा पहाड़ियों का उच्चतम भूभाग है तो मध्य में महानदी तथा उसकी सहायक नदियों का मैदानी भाग है। इसके दक्षिण में बस्तर का विस्तृत पठार है। छत्तीसगढ़ प्राचीन स्मारकों, दुर्लभ वन्य प्राणियों, नक्काशीदार मंदिरों, बौद्ध स्थलों, राजमहलों, जलप्रपातों, गुफाओं एवं शैलचित्रों से परिपूर्ण है। यहां ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल है।

यहां राष्ट्रीय उद्यान एवं वन्य प्राणी अभ्यारण्यों के साथ-साथ गौरवशाली लोक संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण भी है। बस्तर क्षेत्र में कुटुमसर गुफा एवं कांगेर घाटी, राष्ट्रीय उद्यान, चित्रकोट जलप्रपात महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है जो अपनी अद्भुत छटा के कारण पर्यटकों का दिल जीत रहे हैं। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के बारे में पर्यटकों को सुलभ जानकारी उपलब्ध कराने तथा पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए व्यक्तिगत एवं टूर पैकेज के अन्तर्गत आरक्षण की सुविधा प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा नई दिल्ली, गुजरात मध्य प्रदेश के अतिरिक्त प्रदेश में 11 स्थानों पर पर्यटन सूचना केन्द्र स्थापित किया गया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किसी ने कहा गांव

किसी ने कहा गांव - शहर बदल रहे हैं संस्कृति खत्म हो जाएगी किसी ने कहा पृथ्वी का मौसम बदल रहा है सारी दुनिया खत्म हो जाएगी मेरे मन ने कहा उसके बदल जाने के बाद सब कुछ तो खत्म हो गया अब तुझे कैसी चिंता ? क्या बचेगा या खत्म हो जाएगा ये सब तो जिंदा लोगों की चिंताएं हैं।

- डा. फतेह सिंह भाटी

हिंद मेरा है जहां

हिंद मेरा है जहां हर राम औ रहमान के हो सहर गूँजें अजानें औ भजन भगवान् के। जय कहो सरहद पे ठहरे वीर सीना तान के हम तभी महफूज सोते घर में चादर तान के। हिंद के मस्जिद शिवाले और गिरिजाघर कहें प्यार ही बस मायने गीता के औ कुरआन के। है तिरंगा शान मेरे हिंद की पहचान है झुक गया सजदे ÷तनुज÷ माँ भारती सम्मान के।

-सतीश मैथिल तनुज

खास पाती

धर्म के लिये सर तन से

धर्म के लिये सर तन से जुदा? देश के लिये कर के देखो। मज़हब के लिये मरते देखा, मुल्क के लिये लड़कर देखो। खंजर हाथों से दूर फेंक कर, तिरंगा हाथ मे पकड़ के देखो। धर्म हमको जन्म नहीं देता, इंसान ही उसे बनाता है। जन्म भूमि है देश की धरती मां वो तभी कहलाती है। गोद मे उसकी जन्म लिया है, उसमें ही मिल जाना है। उसकी माटी में उपजा दाना, हम सभी को खाना है। उस धरती की नदिया का पानी, हम सभी को पीना है। फिर क्यूंकर नफरत इतनी? साथ हम जव रहना है।

- शिखा लाहीरी

जिनको नहीं गुमान

जिनको नहीं गुमान मुहब्बत-ए-मुल्क का, वो क्यूं करें बखान शहादत-ए-मुल्क का। उन्वान तू शहीदी का क्या जाने खुदगरज़, तू सौदा कर दलालों सा, इज़्ज़त-ए-मुल्क का। हर दौर के शहीद उपेक्षा के मारे हैं, ये काम है ज़लील रियासत-ए-मुल्क का। ये तेरे दादा नानी की भी जन्म भूमि है, रखना है तुझको मान विलादत-ए-मुल्क का। बापू की बातें अपनी जगह ठीक है मगर, कब जनका फलसफा! था नदामत-ए-मुल्क का। (नदामत--लज्जा अब ज़हरीले सांपों को मारना ही होगा, कब तक दिखाएं अक्श शराफत-ए-मुल्क का।

- डॉ संजय दानी

पढ़ूँ इतिहास स्वर्णिम सा तो

पढ़ूँ इतिहास स्वर्णिम सा तो हिन्दुस्तान पाती हूँ बने जो देश की पहचान उनके गीत गाती हूँ रही मुस्कान जिनके हर घड़ी था डर नहीं कोई सदा सरहदें में उनके ही मैं अपना सिर झुकाती हूँ।

- मनीषा सक्सेना

यदि होते आज जीवित कोई तब

यदि होते आज जीवित कोई तब ये कहते पूछते तुमसे - हमने करके आजाद तुमको प्यारा वतन दिया और इस देश की पहचान का कैसा तुमने जतन किया? भय और भूख में आज भी लोग और अरबों तुमने गबन किया लोगों ने मांगा जब भी हक़ तब तब मांग का दमन किया चुनकर भोगे सुख तुमने लोगों ने खर्चा वहन किया चोख रही अबला अपने ही देश में जाने किस रावण का दहन किया बैठिए समीप जाके उनके जिसने दर्द खूब सहन किया न कि गले लगाइए उनको जिसने लूट खाली धन किया। - संत और थवाइत

इश्क़ में हो गया घायल तो

इश्क़ में हो गया घायल तो हो गया है अब दिल किसी पर हुआ पागल तो हो गया है अब अब कहीं चैन मुझे और करार आएगा जमीं का हो गया बादल तो हो गया है अब। - नीरू श्रीवास्तव

देश की अखंडता को चूर चूर

देश की अखंडता को, चूर चूर होता देख कवि दिनकर वाली, कलम चलाई है भटक सके न अब, युवा अपनी राह से इसीलिए राष्ट्रवादी, कविता सुनाई है भेदभाव छोड़कर, जाति वाद तोड़कर देशवासियों में प्रेम, गंगा बहाई है आतताइयों को अब, जड़ से मिटाने हेतु शेखर आजाद वाली, पिस्टल मंगाई है। संजय कुमार गिरि

चारों ओर तिरंगा देख कर सर

चारों ओर तिरंगा देख कर सर फख्र से ऊंचा हो रहा पर आज के झंडे बाद मे जब यहां वहां बिखरे होंगे सोच कर रुह कांप जा रही है हमारे देश का झंडा हमारा सम्मान है आप सब से निवेदन है झंडे को यहां वहां पड़े मत रहने देना।

- सुनीता पुष्पराज पाण्डेय

QUIZ TIME

1) इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान एक्सपो का आयोजन कहाँ किया जा रहा है?

2) किस वर्ष भारत की संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज को अपनाया था?

3) किस राज्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में शीर्ष स्थान हासिल किया?

4) छत्तीसगढ़ में ओपन स्कूल का प्रारम्भ कब हुआ?

5) 2022 का एस्टर गार्जियन ग्लोबल नर्सिंग पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बेंगलुरु (2) 22 जुलाई 1947 (3) हरियाणा (4) जुलाई 2008 (5) ग्रेस

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1717- फ्रांस, रूस और प्रशिया के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1858- हवाई द्वीप में पहला बैंक खोला गया। 1909- वायली और लालकाका की हत्या के मामले में मदन लाल ढींगरा कोपेंटनविले कैदखाने में फांसी दी गई। 1915- चक्रवाती तूफान से गेलवेस्टन और टैक्सास में 275 लोगों की मौत। 1917- इटली ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1941- पूर्वी जर्मनी सरकार ने बर्लिन की दीवार का काम पूरा किया। 1947- भारत की आजादी के बाद पहली ब्रिटिश सैन्य टुकड़ी स्वदेश रवाना। 1978- तीन अमरीकियों ने हॉट एयर बैलून से अटलांटिक महासागर को पार किया। 1982- जर्मनी में पहली सीडी (कंपैक्ट डिस्क) लोगों के लिये उपलब्ध की गई। 1987- जर्मन तानाशाह अडॉल्फ हिटलर के करीबी रुडोल्फ हेस जेल में मृत पाए गए। 1988- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जिया-उल-हक और अमेरिका के राजदूत अर्नाल्ड राफेल की एक विमान दुर्घटना में मौत। 1998- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने व्हाइट हाउस की पूर्व कर्मचारी मोनिका लेविंस्की के साथ अपने अनुचित संबंधों की बात स्वीकार की। 1999- तुर्की के औद्योगिक शहर इज़मित में आए भीषण भूकंप में एक हजार लोगों की मौत और संपत्ति का भारी नुकसान। 2002- रूस ने दलाई लामा को अपने देश में दौरे के लिए वीजा देने से इनकार किया। 2005- बांग्लादेश 63 ज़िलों में 400 विस्फोट हुए। 2008- अमेरिका के महान तैराक माइकल फेल्प्स ने पेइचिंग ओलिंपिक खेलों में तैराकी में आठ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा।

75 साल बाद भी बिजली, सड़क व पानी जैसी समस्याओं से मदपाल व तमोडी को नहीं मिली आजादी

सरकार की योजनाओं से दूर बुनियादी सुविधाओं से वंचित मदपाल पंचायत तमोडी गांव के लोग अंधेरे में जीने को मजबूर हैं

राजेश झाड़ी

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले की भैरमगढ़ क्षेत्र के गांव जिला मुख्यालय से जिसके कनेक्टिविटी अब तक नहीं जुड़ी है। ये कैसे आजादी है। आजादी के क्या मायने होते हैं, पता नहीं सुविधाओं के अभाव में आज भी सरकार के तमाम योजनाओं से वंचित खुद के दारोमदार पर जीने को बेबस है तमोडी गांव के लोग। सड़क तो दूर बिजली तक की रोशनी नहीं पहुंची है। सड़क नहीं होने से गांव तक स्वास्थ्य विभाग से निशुल्क 108 की गाड़ी नहीं पहुंच पाता। ऐसे हालातो में स्वास्थ्य विभाग का अमला झांकने को भी नहीं जाता है। डिजीटल इंडिया के दौर में भी मदपाल पंचायत मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी से पूरी तरह अछूता गांव हैं। यहां पर आये दिन गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान अस्पताल ले जाने की जरूरत पड़ती रहती है। स्वास्थ्य विभाग की निःशुल्क महतारी एक्सप्रेस 102 एम्बुलेंस को फोन करने के लिए नेटवर्क ही नहीं मिलता है। जबकि शहरी क्षेत्रों के लोगों को फोन करने पर 10 मिनट में तत्काल एम्बुलेंस की घर पहुंच सेवा का लाभ मिल जाता है लेकिन ऐसा तमोडी के ग्रामीणों को इस तरह की सुविधाएं सपने में भी नसीब नहीं है।

मूलभूत सुविधाओं में किसी भी गांव की विकास की पहली सीढ़ी सड़क होती है। विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए जब सड़क ही नहीं है तो विकास की

कल्पना करना धोखा ही साबित होगी। हैरत की बात तो यह है ग्रामीण विकास जिला प्रशासन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीडब्ल्यूडी समेत कई सरकारी महकमों में पगडंडी को सड़क मार्ग को तब्दील करने की तमाम कोशिशों के बावजूद अधिकारी नियमों के उलझन में उलझ जाते हैं। विभाग के अधिकारी जब कोई सुध नहीं लेते तो किया तो गांव के भोली भाली जनता इसे अपनी किस्मत मानकर खामोश हो जाते हैं। गांव की जनसंख्या लगभग 9 900 की आबादी वाला मदपाल ग्राम पंचायत में आजादी के 75 वीं वर्षगांठ को बिना सड़क व बिजली के सुविधा के ही मना रहे हैं। कई लोगों के राशन कार्ड आधारकार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाब कार्ड, वोटर कार्ड तक नहीं बने हैं। ग्रामीण बताते हैं कि सचिव सरपंच भैरमगढ़ में ही रहते हैं। और स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी मौसमी बीमारियों में भी लोगों की सेहत के बारे में पूछने तक नहीं आते हैं।

लोगों का दुख-सुख जानने सचिव - सरपंच कभी जाते नहीं कई दफे आधार कार्ड राशन कार्ड बनाने के नाम से फोटो वगैरह मांगकर ले जाते हैं बना है या नहीं उसका कोई जानकारी उन्हें नहीं मिलता है। बरसात के दिनों में लोगों की जिंदगी और भी बद से बदतर हो जाती है। आफत आने पर लोग जान हथेली में लिए नाला पार कर आपस में सुख-दुख बांटने एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में पहुंचते हैं। गांव के लोग अब विकास की आस ही छोड़ बैठे है। उबड़-खाबड़ गड्ढों से पटा पड़ा जंगलों से घिरा पगडंडी पथरीली कच्चे रास्ते से मीडिया की टीम गांव पहुंचकर वहां पर मूलभूत सुविधाएं का हालचाल जानने पहुंचे तो गांव बिजली, सड़क व पाने की पानी से विहीन नजर आएं। गांव से बाहर निकालने के लिए संपर्क मार्ग तक पहुंचने के लिए कोई पक्का रास्ता भी नसीब नहीं है। आजाद देश में गुलामों जैसा जीवन व्यतीत करना मदपाल और तमोडी के बाशिंदों की नियती बन गई है।

कहते है कि बरसात के दिनों में वह सब मिलकर दुआ करते हैं गांव में कोई बीमार न पड़े वर्ना बिना उपचार के उसे मुसीबत झेलनी पड़ सकती है। उन्हें नहीं लगता है कि कोई उनकी फरियाद सुनेगा। विदित हो कि भाजपा के 15 साल की सरकार में तमोडी गांव के धरती में विकास का एक ढेला भी नहीं पड़ा और कांग्रेस सरकार को बने तीन साल पूरे हो गए विकास की एक झलक देखने को ग्रामीण तरस रहे हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा जमीन स्तर में विकास की बातें खोखले साबित हो रहे हैं। वही बात करें इसी क्षेत्र के बेचापाल से हमेशा अधिकारी नेता सुर्खियों में रहते हैं पर मदपाल क्षेत्र में शासन प्रशासन आज तक विकास की उम्मीद भी पहुंचना असंभव हो गया है।

बीहड़ों में बसे बाशिंदों को शुद्ध पेयजल एवं बिजली उपलब्ध कराने के नाम से सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

क्रेडा विभाग के द्वारा लगाया गया सौर ऊर्जा लाइट दो महिने में ही खराब हो गया। विभाग मेंटनेंस करने पलटकर नहीं देखते जिसका खामियाजा अंदरुनी इलाकों में जीवन-यापन करने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है। रहा हैं।

न्यूज गैलरी

165 वीं बटालियन ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर आज धर्मेन्द्र कुमार झा, कमांडेंट 165 वीं वाहिनी केरिपु. बल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस के महत्व व इसकी प्राप्ति में क्रान्तिकारियों व वीर बलिदानियों के अनगिनत संघर्ष व त्याग को स्मरण करते हुए प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। तत्पश्चात इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति अनेक वीर जवानों को प्राप्त वीरता पदक व अन्य अलंकरणों को पढ़कर सुनाया गया।

इसके बाद अधिकारियों/अधीनस्थ अधिकारियों/जवानों जवानों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों के मध्य मिष्ठान वितरण कर आजादी के महत्व को रेखांकित किया गया। वार्ता के दौरान लोगों को पूरी निष्ठा तथा लगन से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने तथा अपने गाँव, समाज तथा इलाके के सर्वांगीण विकास में योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया तथा 165 वीं वाहिनी के पुंडरी इलाके में तैनाती के पश्चात से परस्पर सहयोग के साथ रहने के महत्व को रेखांकित किया।

165 वीं वाहिनी, केरिपुबल, बीजापुर, छग का यह निरन्तर प्रयास है कि छग जैसे अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र को सरकार की नीतियों के तहत मुख्यधारा से जोडना और जागरूकता व समन्वयता को बढ़ाना है। जिससे स्थानीय ग्रामीण विशेषकर युवाओं को नक्सलवाद के देश से बाहर निकाला जा सके और वे अपने जीवन को एक सफ्ल दिशा दे सकें। इसी ध्येय के तहत आज का यह आयोजन एक बड़ा कदम साबित हुआ है।

151 बटा. केरिपु बल, कालिवेरू में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बीजापुर/नवप्रदेश।। 151 बटा. केरिपु बल द्वारा कालिवेरू में 15 अगस्त को देश का 75 वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिवस पर विष्णु चरण मुखिया, द्वितीय कमान अधिकारी ने अयोध्या सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी और अन्य राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी तथा अन्य सैनिकों के साथ मिलकर राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण कर शुरू किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में देश की आजादी में, स्वतंत्रता सेनानीयों के संघर्ष व बलिदान को याद करते हुए देश की वर्तमान परिस्थितियों में देश की आंतरिक सुरक्षा हेतु केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने देश के स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा देखे गये, सपनों के भारत को साकार करने के लिये, सभी को अपना कार्य पूरी ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ करना का प्रण दिलाया। साथ ही 151 बटा0 के परिसर से कालिवेरू व चर्ला तक तिरंगा रैली निकाल कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

कलेक्टर कटारा ने किया ध्वजारोहण

बीजापुर/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट बीजापुर में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात् सामूहिक रुप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कटारा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी तथा सौंपे गये दायित्वों को निष्ठापूर्वक समय पर निर्वहन करने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर एसडीएम बीजापुर पवन प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर मनोज बंजारे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद थे।

जिला कार्यालय में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

कांकेर/नवप्रदेश। 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सौंपे गये दायित्वों को निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी के साथ करते हुए समय पर पूरा करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, संयुक्त कलेक्टर जी.एस. नाग, एसडीएम धनंजय नेताम सहित जिला कार्यालय परिसर के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

नेत्रहीन पुत्र-पुत्री के साथ बुजुर्ग महिला दर-दर भटकने को मजबूर

रामानुजगंज/नवप्रदेश । रामानुजगंज अपने नेत्रहीन पुत्र व पुत्री के साथ विधवा बुजुर्ग महिला दर-दर पर भटकने को मजबूर थी उसके अंधेरे जिंदगी में रोशनी की दूर-दूर तक कोई किरण नजर नहीं आ रही थी बेबस लाचार महिला को विधायक बृहस्पत सिंह के निवास पहुंचकर अपना दुखड़ा बताया तो संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विधायक उनके घर में पहुंच हालचाल जाना एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया था जिसके बाद आज 1 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। वही शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलवाने का आश्वासन दिया व विधवा बुजुर्ग महिला के द्वारा पानी की समस्या बताने पर नलकूप खनन कराए जाने की भी आश्वासन दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलकुर्ता की बुजुर्ग विधवा महिला प्रमिला देवी अपने एक बेटा एवम एक बेटी जो जन्म से ही नेत्रहीन है बहुत मुश्किल से दोनों बच्चों भरण पोषण कर अपना आजीविका चला रही थी जिसके सामने आर्थिक समस्या गंभीर होते जा रही थी एवं कुछ सामने सूझ भी नहीं रहा था जिसके

बाद प्रमिला देवी विधायक बृहस्पत सिंह के घर पहुंच कर अपनी व्यथा सुनाई तो विधायक भी संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रमिला देवी के घर पहुंच प्रमिला देवी का हाल-चाल जाना। जिसके बाद विधायक की पहल पर दोनों बच्चों का नेत्र रोग विशेषज्ञ अच्छे डॉक्टरो से नेत्र परीक्षण कराया गया ताकि फिर से दुनिया देख सके परंतु डॉक्टरों के द्वारा अपना हाथ खड़ा कर दिया था। विधायक के द्वारा आज प्रमिला देवी को 1 लाख का चेक प्रदान किया गया वही उनकी पहल पर उनकी बेटी राजनांदगांव में कक्षा ग्यारहवीं में ब्रेल लिपि से पढ़ रही है। विधायक बृहस्पत सिंह ने शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाए जाने का आश्वासन दिया वहीं बुजुर्ग विधवा महिला द्वारा पानी की समस्या बताने पर उत्खनन कराए, जाने का भी आश्वासन दिया।

विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में मेरा जो दायित्व है उसे मैं उसे पूरा कर रहा हूं लोगों के आशीर्वाद एवं प्यार से ही मैं आज इस काबिल हूं कि लोगों की मदद कर पा रहा हूं यह मेरा सौभाग्य है कि बेबस लाचार लोगों की मदद कर रहा हूं। क्षेत्र में पुल पुलिया सड़क सहित करोड़ों रुपए के विकास कार्य हो रहे हैं परंतु उसके साथ साथ कई ऐसे लोग हैं जिन्हें मदद की आवश्यकता होती है उन्हें मैं प्रयास कर रहा हूं की बीमारी या अन्य गंभीर स्थिति में उन्हें आर्थिक मदद प्रदान कर सकूं।

नालों में पुल नहीं, बाढ़ का पानी ग्रामीणों के लिए बन जाता है मुसीबत

नगरी/नवप्रदेश। क्षेत्र में पिछले 3 दिनों से लगातार झमाझम बारिश से कई जगहों पर नदी नाले उफान पर हैं। ऐसे में स्थानीय युवक लोगों को पार लगाने मदद पहुंचाने में लगे हुए हैं। युवकों ने बताया कि बारिश के समय में यहां कोई आना पसंद नहीं करता और जो आवागमन करते है, उन्हें वापस न लौटना पड़े इसलिए चाहे जितनी भी बारिश हो हम यहां आकर लोगों को मदद पहुंचाते हैं। लोगों को और उनकी बाइक को पार करा देते है। इससे उनमें उम्मीद बंधी रहती है कि बारिश में भी अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच जाएंगे।

तत्काल बनाए पुल-पुलिया

वनवासियों ने भूपेश सरकार से मांग की है कि जिस तरह वनांचल के अन्य गांवों में पुल-पुलिया का निर्माण किया गया है, उसी तरह टाइगर रिजर्व के इस गांव में भी पुलिया और सड़क का निर्माण किया जाए। ताकि ग्रामीणों को भी बारहमासी आवागमन की सुविधा मिल सके। पुल के अभाव में आज लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि आज पूरे क्षेत्रों में ग्रामीणों को लगभग सड़क और पुल-पुलिया की सौगात मिल चुकी है। यहां उनका मौलिक अधिकार भी है, लेकिन नगरी में रिसगांव वनांचल में दर्जनों ऐसे ग्राम है, जहां आज तक पुल और सड़क की सुविधा नहीं मिल सकी। प्रशासनिक उदासीनता के चलते वनवासियों को सड़क, पुल, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा जैसी भी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय धमतरी से करीब 110 किमी की दूरी पर रिजर्व फॉरेस्ट में बसा ग्राम रिसगांव है। रिसगांव के साथ ही यहां खल्लारी, जोरातराई, करही, गादुलबहारा, उजरावन, संदबहारा, करका ऐसे ग्राम है, जहां बारिश लगते ही यह क्षेत्र टापू बन जाता है। यहां आवागमन का साधन नहीं है। नदी-नालों और पहाड़ियों से घिरा इन गांवों में बारिश का चार महीना कष्टदायी हो जाता है। यदि अचानक किसी की तबियत खराब हो जाए तो ब्लाक मुख्यालय भी पहुंचना मुश्किल हो जाता है। यहां इलाज के लिए ग्रामीणों को आज भी बैगा-गुनिया के सहारे रहना पड़ता है। यहां संजीवनी 108 एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच पाती।

चोरी की घटनाओं पर रोकने सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त कर पेट्रोलिंग तेज करना जरूरी- नायक

रामानुजगंज/नवप्रदेश । नगर में लगातार हो रही चोरी की घटना एवं 6 साइलेंसर चोरी की घटना के बाद पुलिस के द्वारा जहां लगातार पतासाजी की जा रही है वहीं एडिशनल एसपी सुशील नायक नगर का पैदल भ्रमण कर साइलेंसर चोरी हुए स्थलों का निरीक्षण किया गया। साथ ही व्यापारियों से बातचीत कर रामानुजनगंज थाना को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पेट्रोलिंग तेज करने व संदिग्ध से पूछताछ करने के निर्देश दिए।

नगर में हो रही चोरी की घटनाओं के बीच एडिशनल एसपी सुशील नायक आकस्मिक निरीक्षण में रामानुजगंज पहुंचे जहां उन्होंने गांधी चौक के समीप स्थित साइकिल दुकान संचालक विनोद केसरी की मारुति इको वाहन की साइलेंसर चोरी जहां से

हुई थी। वहां घटनास्थल पर आसपास के लोगों एवं विनोद केसरी ने बताया कि नगर के वार्ड क्रमांक 11 से दो साइलेंसर चोरी हुआ था।

इस दौरान एसडीओपी एम के सूर्यवंशी सब इंस्पेक्टर मनोज सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

सीसीटीवी दुरस्त करने के दिये निर्देश : एडिशनल एसपी सुशील नायक ने चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों से बातचीत कर घटना स्थल का जायजा लिया। आस-पास के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बारीकी से निर्देश दिए। वहीं कई स्थानों पर सीसीटीवी खराब थे उन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए ।

श्री नायक ने कहा कि सीसीटीवी को ठीक कराया जाए ताकि आपराधिक घटनाओं को रोकने में कारगर साबित हो सके। सीसीटीवी को ठीक करके रखें।

अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस पर कृषि कार्यालय में तिरंगा फहराया

नगरी/नवप्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के 75वीं वर्ष गांठ पर नगर पंचायत नगरी के बजरंग चौक नगरी बस स्टैंड नगरी गाँधी बाल उद्यान नगरी राजा बाड़ा नगरी जनपद पंचायत नगरी तहसील कार्यालय स्कूलो कृषि कार्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के 75वीं वर्ष ध्वजारोहण किया गया

जिसमें किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य पिंकी शिवराज शाह, नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, किसान मोर्चा महामंत्री राजेंद्र गोलछा, मंडल अध्यक्ष नगरी मोहन नाहटा, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, जनपद सदस्य मन्नू यादव, नगर पंचायत सभापति भूपेंद्र साहू, सभापति जनपद पंचायत सदस्य बंसी लाल सोरी व नगर के नागरिक साथ ही सभी विभागों के कर्मचारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एच आर ध्रुव, एसडीएम चंदकांत कौशिक, नगर पंचायत सीएमओ धर्मेंद्र भूआर्य, साकेत नाग सहित कार्यालय के समस्त स्टाप उपस्थित थे।

फुटबाल स्पर्धा में भैरमगढ़ को हराकर बीजापुर की टीम ने किया ट्राफी पर कब्जा

विजेता और उपविजेता टीमों को विधायक विक्रम मंडावी ने किया पुरस्कृत

बीजापुर/नवप्रदेश। जय भैरम देव स्पोर्ट क्लब भैरमगढ़ के तत्वावधान में आयोजित संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आज 15 अगस्त को समापन हो गया। फाइनल मुकाबला भैरमगढ़ और बीजापुर के मध्य खेला गया जिसमें बीजापुर ने भैरमगढ़ को एक गोल से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। प्रथम पुरस्कार के रूप में बीजापुर की टीम को विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी की ओर से 31001/- ट्रॉफी एवं द्वितीय पुरस्कार के रूप में नगर पंचायत भैरमगढ़ की अध्यक्ष सुखमती मांझी की ओर से 21001/- ट्रॉफी सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए थे। इस नाकआउट मुकाबले में कुल 16 टीमों ने भाग लिया जिन्हें पूल ए और पूल बी ग्रुप में बाँटा गया था।

यह प्रतियोगिता 09 अगस्त से प्रारम्भ होकर 15 अगस्त को समापन हुआ।

विजेता टीम को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने विजेता टीम और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस दौरान नगर पंचायत भैरमगढ़ की अध्यक्ष सुकमती मांझी, संसद प्रतिनिधि सीताराम मांझी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लच्छूराम मौर्य, ज़िला महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि सुखदेव नाग, सहप्रवक्ता मोहित चौहान, अभिषेक सिंह, राजेश गुप्ता, हितेश कपूर सहित बड़ी संख्या में भैरमगढ़ नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर भारत जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

नगरी/नवप्रदेश। प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी द्वारा आजादी के 75 मी वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव गौरव भारत जोड़ो अभियान के तहत पदयात्रा 13 अगस्त को निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता समेत ग्रामीण जन सम्मिलित हुए ग्राम फरसिया के महामाई मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद इस पदयात्रा का शुभारंभ किया गया फरसिया गोरेगांव अमाली संबलपुर छिपली के बाद नगरी के बजरंग चौक में समापन किया गया। इस कार्यक्रम में पदयात्रा सह प्रभारी नीलम चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की जनता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है बीजेपी सत्ता में बने रहने के लिए हिंदू-मुस्लिम करती है बीजेपी ने एक तरफ देश को तोड़ने का कार्य किया है तो कांग्रेस ने हमेशा देश को जोड़ने का कार्य किया है। पूर्व विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि सभी वर्ग धर्म के लोगों ने मिलकर देश को आजादी दिलाई है और भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के पश्चात छत्तीसगढ़ की संस्कृति व सभ्यता को संरक्षण और बढ़ावा देने के कार्य निरंतर किया जा रहा है।

पदयात्रा प्रभारी एवं सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि सिहावा विधानसभा के 75 किलोमीटर की पदयात्रा का आज समापन दिवस पर उन्होंने कहा कि देश को आजादी मिलने के बाद कांग्रेस सरकार ने कड़ी मेहनत व अपने अथक प्रयास से सरकारी उपक्रम तैयार किया देश की जनता की भलाई व देश के विकास के लिए कार्य किए लेकिन आज मोदी सरकार सरकारी उपक्रमों को अपने उद्योगपति मित्रों को बेच दिया केंद्र के मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल है बीजेपी के विचारधारा के लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में कभी हिस्सा ही नहीं लिया और आज यह राष्ट्रवाद की बात करते हैं। भूपेश बघेल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ देश के समक्ष एक मॉडल के रूप में अपनी अलग पहचान रखता है। छत्तीसगढ़ में सबसे कम बेरोजगारी दर मात्र 0.8 प्रतिशत है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने किसानों का कर्जा माफ, बिजली बिल हाफ कर भूमिहीन मजदूरों को 7000 रुपए दिए। मुख्यमंत्री ने गौमूत्र भी खरीद रहे हैं छत्तीसगढ़ लगातार विकास कर रही है और 2023 में छत्तीसगढ़ में पुनः सरकार की बात कही जिला पंचायत सभापति मीना बंजारे ने केंद्र की मोदी सरकार को जमकर कोसा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूपेश साहू, आसिफ खान, मंजीत छाबड़ा, लखन लाल ध्रुव, सदस्य पीसीसी शोमी राम नेताम, भूषण साहू, कैलाश नाथ प्रजापति, भानेन्द्र ठाकुर, रवि ठाकुर, सचिन भंसाली, छबि ठाकुर, शकुंतला ठाकुर, वेद राम साहू, राजेंद्र ठाकुर, मुनेंद्र ध्रुव एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

घर की दीवार ढहने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

■ कलेक्टर ने जताया गहरा शोक

■ आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि देने के निर्देश

■ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी पहुंचे कुरेनार

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में हो रही अनवरत बारिश से पखांजूर तहसील के ग्राम पंचायत विकास पल्ली के ग्राम पी.व्ही.-110 निवासी परिमल मलिक एवं उसकी पत्नि और तीन बच्चियां पर मकान का कच्चा दीवाल ढहकर गिरने से दबकर मौत होने पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक-संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा एसडीएम व तहसीलदार पखांजूर को पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण बनाकर सहायता करने के निर्देश दिये हैं।

पखांजूर तहसील के ग्राम पंचायत विकासपल्ली के ग्राम पी.व्ही.110 निवासी परिमल मलिक एवं उसकी पत्नी और तीन बच्चियों की कच्चे मकान के दीवार गिरने से दबने के कारण मृत्यु होने की सूचना मिलने पर अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुप नाग और कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल अधिकारियों के साथ घटनास्थल के समीपस्थ ग्राम कुरेनार पहुंच कर नदी के बढ़े हुए जलस्तर का जायजा लिया। परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सिन्हा ने ग्राम पीव्ही 110 पहुंचे पखांजूर तहसीलदार एवं थानेदार से चर्चा कर वहां की स्थिति और? पीड़ित परिवारों की जानकारी लेते हुए उन्हें हरसंभव मदद करने के लिए निर्देशित किया, साथ ही गांव में ही रुक कर घरों का आंकलन कर सुरक्षित स्थान में शिफ्ट करने के लिए निर्देशित किया तथा एसडीएम पखांजूर एएस पैकरा को अपने क्षेत्र के ग्रामों का निरीक्षण कर सतत निगरानी बनाये रखने के लिए निर्देशित किया गया।

यशोदा विश्वास को किया गया शिफ्ट

कलेक्टर व एस.पी.के निर्देश पर तहसीलदार एवं थानाप्रभारी द्वारा ग्राम के घरों का आंकलन किया गया ?तथा श्रीमती यशोदा विश्वास पति स्व.सहदेव विश्वास, निवासी पी.व्ही.110 को उनके 60 साल पुराने जर्जर मकान से पक्के मकान में शिफ्ट किया गया।

पैराडाइज स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज़ हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण राजकुमार फ़्यानी द्वारा एल.पी. झा एवं प्राचार्य रश्मि रजक, पालक एवं छात्र-छात्राओं शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। व्यायाम शिक्षक रामेश्वरी साहू एवं अवतार सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों के द्वारा पी.टी. का प्रदर्शन किया गया जिसमें साक्षी रमानी, आशीष मारकोले, लिपिका साहू, हर्षित कोर्राम, लिकेश कुमार नायक, अवनीश सिंग, नितिन टोप्पो, गुलाम मोहिउद्दीन, टिकेन्द्र चुरेन्द्र, मिहिर ठाकुर, नवीन कोरेटी, प्रांजल नेताम, लक्ष्मीकांत जैन, शशांक कोर्राम, डोमेन्द्र यादव, सरफ़राज खान, दिव्यांश लोन्हारे, प्रियांशु कोरेटी, एवं एरोबिक्स प्रर्दशन में महावीर देहारी, प्रखर नेताम, सत्यम चटोपाध्याय, स्मित कौर, जाह्नवी कनौजिया, मन्नत तिवारी, वर्षा नेताम, शिवांगी मरकाम, भावना पालेश्वर, शैली बघेल, निकिता ठाकुर, छाया निषाद, कृतिका हाजरा, हर्षिता सलाम जसवीर यादव, खिलेन्द्र यादव आदि बच्चों ने भाग लिया।इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुए कार्यक्रम में अंतरा झा, लोमांश कोड़ोपी द्वारा स्पीच दिया गया। संगीत शिक्षक मृणाल पाण्डे के निर्देशन में आयशा सिंग, अनंत दुबे, अवनी रजक, नितिन टोप्पो, उत्कर्ष, जाह्नवी पैकरा, शिवांग, चैतन निर्मलकर द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया, डांस टीचर गौरव टांडिया के निर्देशन में देश भक्ति गीत में बुशरा बानो, रूपाली श्याम, छाया गावड़े, लक्ष्मी कौशिक, निधि पालेश्वर, अनुष्का मेश्राम, दीक्षा खेलन, माही जुर्री, पायल देहारी, करिश्मा नागवानी, कुमकुम देवांगन, षष्ठी नेताम, कृतिका हाजरा, लहर आसरानी, मिनाक्षी साहू, प्राची चंद्रवंशी, नीलगगन टोप्पो, भार्गवी कोर्राम, बिंदिया पटेल, वंदना मरकाम, हर्षिका पटेल, वैशाली गुप्ता, मदीना कौशर, किरण माखिजा, झरना शार्दुल, कशिश वाधवानी, भूमिका आदि छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रेरणादायक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन प्रियल देवांगन और पल्लवी कोर्राम द्वारा किया गया। आजादी के 75वीं वर्षगांठ एवं 15 अगस्त के इस अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक द्वारा प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया गया। जिसमें देश के वीर शहीदों को स्मरण करते हुए हमें भी देश की एकता, अखण्डता को बनाये रखने में, देश के विकास में ईमानदारी से अपनी सहभागिता निभाने का संदेश दिया। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के सम्पूर्ण कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में मैनेजर योगेश रजक, सब मैनेजर हामीद खान वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ई, अरविंद मेहतो, अंकिता शुक्ला, नीरज रजक, रिया सोनी, कविता भाषवानी, ललिता राठौर, दीपा व्यास, वर्षा रमानी, हिमायनी रजक, मेघा सेवा, शबाना परवीन, उर्मिला पाल, तीरथ साहू, कृष्णपद कुम्भकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिंह ठाकुर, सुचितस्मिता खान, एस. मर्सी, सरिता मिश्रा, सपना पाण्डे, ग्लोरिया रजक, निशा नेताम, टाकेश्वर साहू, नोमान साहू, जीतू दास, आदित्य रजक, रविशंकर पटेल आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर व एसपी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विगत कई दिनों से हो रही लगातार बारिश से इंद्रावती नदी में जलस्तर बढ़ा है। जिससे नदी के आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए विगत दिवस कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार और एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा तत्काल पहुंच बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया गया। उन्होंने गीदम विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदनार, भटपाल के आश्रित ग्राम नेउरनार का निरीक्षण किया। वहां पहुंच ग्रामीणों की वास्तविक स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने स्थिति का जायजा लेते हुए राहत और बचाव कार्य के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। नदी किनारे तटीय क्षेत्रों में बसे ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि लगातार जलस्तर बढ़ता जा रहा है इससे ग्रामीणों को सतर्क करते हुए क्षेत्रों में ऊंचे स्थान पर जाने के लिए कहा। जिससे किसी भी प्रकार की हानि न हो। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को बेहतर रखने और बढ़ते जलस्तर पर निगरानी रखने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश छिकारा सहित अधिकारी गण मौजूद थे।

आनंद चुने गए सर्वश्रेष्ठ पार्षद

कांकेर/नवप्रदेश। 15 अगस्त को देवभूमि राजापारा वार्ड के युवा पार्षद आनंद चौरसिया को उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते नगरपालिका के

इक्कीस वार्डो में राजापारा पार्षद आनंद चौरसिया को सर्वश्रेष्ठ पार्षद का खिताब दिया गया।

स्वंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नरहरदेव हाइस्कूल के मैदान पर कांकेर के लोकप्रिय विधायक संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी के हाथो सर्वश्रेष्ठ पार्षद का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने पार्षद को प्रमाण पत्र सहित मोमेंटो देकर किया सम्मानित

इस दौरान संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने कहा की देवभूमि राजापारा वार्ड के पार्षद आनंद चौरसिया ने बहुत कम समय में अपने वार्ड सहित नगरीय निकाय में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हुए है।युवा सोच को लेकर पहली बार जनसेवक बनकर वार्ड के लोगो को छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ का अंतिम व्यक्ति तक लाभ दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा सरकारी योजनाओं के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने वार्ड के लोगो को वॉर्ड के भीतर ही सारे सरकारी योजनाओं का लाभ घर पहुंच सेवा उल्लेखनीय योगदान है। इनके कार्य को प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल से लेकर कांकेर के प्रशासनिक अफसरों ने सराहा है।

इसके लिए खास नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेंद्र सिंह ठाकुर का अथक परिश्रम का नतीजा है जो पालिका के वार्डो में विकास कार्यो का गंगा बह रही है। इसके लिए हमारे मुख्यमंत्री का भी साधुवाद करते है। जिन्होने आमजनो के लिए मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते निर्माण कार्यो के लिए करोड़ो की राशि देकर विकास के नए आयाम स्थापित किया है।

जन सहयोग संस्था ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। शहर की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था जन सहयोग द्वारा आज स्वाधीनता की 75 वीं सालगिरह के अवसर पर राजापारा कांकेर स्थित भारत माता के प्रतिमा स्थल पर महा आरती का अत्यंत सफल आयोजन किया गया जिसमें बारिश के बावजूद भारी तादाद में नागरिकों, बच्चों तथा महिलाओं ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। सर्वप्रथम सुबह सवेरे जन सहयोग संस्था के सदस्यों द्वारा भारत माता प्रतिमा स्थल तथा आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात पंडित कृष्णा कुमार महाराज के नेतृत्व में महा आरती की गई तथा भारत माता की जय के नारे जयकारे लगाए गए कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, शहर की महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शहर की महिलाओं की समाज सेवी संस्था सुनहरे क़दम की सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति तथा सहयोग प्रदान किया। पुलिस के जवानों ने भी पूर्ण सहयोग दिया और भारत माता स्थल पर देशभक्ति का पावन वातावरण बन गया। कार्यक्रम को सफ ल बनाने में संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा संस्था के समाजसेवी सदस्य धर्मेंद्र देव, राजेश चौहान, करण नेताम, दिनेश मोटवानी, शैलेंद्र देहारी, संत कुमार रजक, बाबूलाल रजक,दिव्यांग भूपेंद्र यादव ,ईश्वर सिंह,सदा साहू, पप्पू साहू, सुनहरे क़दम संस्था की सुनीता मोटवानी, पायल मोटवानी, प्रिया मोटवानी, हंसा यादव, भूमिका पटेल, महेंद्र सिंह चौहान ,राजेश चौहान, रणवीर, बहादुर आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अति उत्साह के साथ महाआरती कार्यक्रम में साथ दिया। समस्त कांकेर में जन सहयोग के इस विशेष कार्यक्रम की चर्चा तथा प्रशंसा की जा रही है।

आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर गरिमामय ढंग से मनाया स्वतंत्रता दिवस

■ मुख्य समारोह में संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने किया ध्वजारोहण।

बीजापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय बीजापुर के मिनी स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास, श्रम विभाग छग शासन रेखचंद जैन द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ, जिला पुलिस बल, छग सशस्त्र बल, नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाईड के 10 प्लाटून द्वारा गार्ड आफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान का गायन किया गया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि को 10 प्लाटून द्वारा सलामी दी गयी। संसदीय सचिव रेखचंद जैन द्वारा इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इसके साथ ही हर्ष के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं शांति और प्रेम के प्रतीक कबूतर आसमान में छोड़े गये।

मुख्य समारोह के दौरान नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद हुए जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य के महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजनान्तर्गत गौठानों में स्व-सहायता समूह द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर रुद्रारम गौठान को पुरुस्कृत किया गया। जिसके अंतर्गत गौठान समिति को 25 हजार रुपये का चेक, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बाढ़ आपदा बचाव दल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर सेना एवं एसडीआरएफ के टीम एवं इसके साथ ही विभिन्न विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, कोरोना वारियर्स, स्वच्छता कर्मचारियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य समारोह में विधायक बीजापुर एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य एवं कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य बंसत राव ताटी, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, पंचायत पदाधिकारी और डीआईजी सीआरपीएफ सुशील मिश्रा , कलेक्टर राजेन्द्र कटारा , पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेन्द्र ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत रवि साहू , एसडीएम बीजापुर पवन प्रेमी, तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधी तथा गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

जिले में 870.2 मिमी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 16 अगस्त तक 870.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 80.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1097.8 मिली मीटर, पुसौर में 1148.4, खरसिया में 889.1, सारंगढ़ में 1175.2, बरमकेला में 847.8, घरघोड़ा में 665.7, तमनार में 900.2, लैलूंगा में 725.5, धरमजयगढ़ में 726.3, सरिया में 790.7 एवं छाल में 605 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

आम आदमी पार्टी ने किया ध्वजारोहण

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। आजादी के 75वीं वर्ष गांठ के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर मनेन्द्रगढ़ गोपाल शीत गृह के पास मौहारपारा तिराहा में ध्वजारोहण किया। जिसमें कि आम आदमी पार्टी की ओर से प्रदेश पर्यवेक्षक विकास पाण्डेय,विधान सभा संगठन मंत्री संदीप यादव, विधान सभा अध्यक्ष (महिला विंग) - श्रीमति अरुणा पनिका,एवं सक्रिय सदस्य राहुल गायकवाड़, राजेश मंगतानी, नदीम हुसैन, इब्राहिम अहमद, मो.अकरम, तरुण झरबड़े, मो.युनुस एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष आनंद अग्रवाल के साथ चेंबर के पदाधिकारी एवं नगर वासी मुख्य रूप से सम्मिलित हुए और कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया

प्रथम पेज का शेष...

प्रदेश में अगले साल ...

आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना लागू किए जाने की घोषणा की, जिसमें से 252 स्कूल बस्तर एवं सरगुजा संभाग में होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के शत प्रतिशत शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमने सुधार के स्थायी उपाय किए, जिसके तहत पहले चरण में 14 हजार से अधिक शिक्षकों की स्थायी भर्ती का कार्य शुरू किया गया, जो अब अंतिम चरणों में है। इसके अतिरिक्त 10 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

व्यावसायिक और उच्च शिक्षा पर भी बना रहेगा जोर : स्कूली शिक्षा को रोजगारमूलक बनाने के लिए उसका आईटीआई के साथ समन्वय किया गया है, ताकि स्कूली शिक्षा और आईटीआई प्रशिक्षित होने का प्रमाण-पत्र एक साथ प्राप्त हो सके। इस योजना के तहत 114 हायर सेकेण्डरी स्कूलों को जोड़ा जा चुका है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए 1 हजार 459 सहायक प्राध्यापकों, क्रीड़ा अधिकारियों और ग्रंथपालों की नियुक्ति की गई है। अतिथि व्याख्याताओं का मानदेय बढ़ाया गया है। सभी जिलों में कन्या महाविद्यालय खोलने के क्रम में मुंगेली में नया कन्या महाविद्यालय प्रारंभ कर दिया गया है।

स्कूली शिक्षा के...

हुए हमने नवा रायपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है।

नाव पलटने से ...

ने बाढ़ प्रभावित गांवों में स्कूलों की तीन दिन छुट्टी कर दी है। जानकारी के मुताबिक, कांकेर जिले के पखांजूर क्षेत्र के छोटेबेठिया क्षेत्र के बुरगी गांव निवासी मिथुन कवाची (25 साल) अपने दो अन्य साथियों के साथ बुरगी नाला पार कर मरबेड़ा गए हुए थे। वहां से लौटने के दौरान उनकी नाव उफनते नाले की तेज धार में फंसकर पलट गई। नाव में सवार दो युवकों ने तैरकर खुद को बचा लिया, लेकिन मिथुन कवाची तेज धार में बह गया। मृतक की नाला में डूबने से मौत हो गई।

कांकेर में नदी-नाले उफान पर

कांकेर में लगातार बारिश का दौर जारी है। तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। एक दिन पहले ही पंखाजूर में मकान की दीवार गिरने से पूरे परिवार की मौत हो गई थी। इनमें पति-पत्नी और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। कई गांव बारिश के चलते टापू बन गए हैं। उनका जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। लोगों को रेस्क्यू कर राहत शिविरों में पहुंचाने के लिए प्रशासन की टीम लगी है। इसके लिए नाव का भी सहारा लिया जा रहा है।

महानदी का जल...

और 18 अगस्त को छुट्टी कर दी गई है। हालांकि स्कूल के शिक्षक, रसोईया और सफाई कर्मी को बाढ़ राहत कैंप में सहयोग के लिए वहां मौजूद रहेंगे।

आज भी बारिश...

अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में गरज चमक के साथ एक-दो स्थानों पर वज्रपात भी हो सकती है। 18 अगस्त से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना बन रही है।

छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों ...

भुगतान किया जाना है। महंगाई भत्ते की गणना मूल वेतन से की जाएगी। लंबे समय से कर्मचारी संगठन महंगाई भत्ते बढ़ाने की मांग कर रहे थे। बीते शनिवार को कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने सीएम भूपेश बघेल से उनके निवास स्थान में मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महंगाई भत्ता 6 प्रतिशत तक बढ़ाने की सहमति दी थी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंच से सीएम की घोषणा करने की चर्चा थी। हालांकि ऐसा नहीं हुआ, पर एक दिन बाद ही वित्त विभाग ने महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया।

बीजेपी का मिशन 2023...

अमित शाह चर्चा करेंगे।

बस्तर फाइटर्स भर्ती ...

प्रक्रिया के लिए बस्तर संभाग के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था। इसके अंतर्गत माह मई-जून में शारीरिक दक्षता परीक्षा (100 अंको) में योग्य पाये गये 5405 उम्मीद्वारों के लिए बस्तर संभाग के कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिला मुख्यालय में 17 जुलाई 2022 को 50 अंको की लिखित परीक्षा संपन्न की गई। इस लिखित परीक्षा में संभाग के कुल 5330 उम्मीदवार शामिल हुए थे।

नक्सल मोर्चे पर मिलेगा फायदा : उल्लेखनीय है कि अंदरूनी वनांचल क्षेत्र में रूबरू होने के दौरान बल सदस्यों को स्थानीय बोली की जानकारी नही होने से अनेक प्रकार की व्यावहारिक कठिनाई एवं चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। बस्तर फाइटर आरक्षक भर्ती में जिले के स्थानीय भर्ती होने के साथ-साथ क्षेत्र की बोली के जानकार अभ्यर्थियों के चयन होने पर भाषा की चुनौती को दूर करने के साथ-साथ स्थानीय जनता एवं पुलिस के संबंध को और भी मजबूती मिलेगी।

कश्मीरी पंडितों को ...

है। उन्होंने कहा, उनकी सुरक्षा की फिर से समीक्षा की जानी चाहिए। सीएम मंगलवार को न्यू सर्किट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कश्मीर में जो घटना घटी है उसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस प्रकार की घटना को रोका जाना चाहिए। वहां कश्मीरी पंडित सुरक्षित नहीं हैं। पिछले समय भी वहां कश्मीरी पंडित, कर्मचारी और दूसरे प्रदेशों से गए लोग जम्मू में आकर प्रदर्शन किए थे। केंद्र सरकार उन्हें सुरक्षा नहीं दे पा रही है। उनकी सुरक्षा की फिर से समीक्षा की जानी चाहिए। वहां सभी नागरिक सुरक्षित रहे, कर्मचारी सुरक्षित रहें यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार की मौजूदा कश्मीर नीति की खुलकर मुखालफ त करते रहे हैं। उन्होंने कश्मीर का स्टेटस बदलने का भी विरोध किया था। अभी आतंकी घटनाओं में लोगों के मारे जाने के बाद उन्होंने केंद्र सरकार की नीति पर हमला तेज किया है।

MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON, DISTRICT- SURAJPUR
E-Procurement Tender Notice
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
UDD Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
NO: 2520/ NIT/BHATGAON/S/2022-23 BHATGAON Dated-16/08/2022
Online bids are invited for the following works of Items up to :
Start Date and Time 16-08-2022 (Start date & time of Bid preparation) at 17:30 hours. (IST) on wards.

NO.	SYSTEM TENDER NO	Name of Work	Probable Amount of Contract
1	106945	CONSTRUCTION OF BT ROAD FROM AASHIYANA TO BYPASS AT WARD NO. 12 (ROAD SOR 01/01/2015)	Rs. 32.05 Lacs
2	106947	CONSTRUCTION OF BT ROAD FROM VIRENDRA HOUSE TO LIQUO R SHOP AT WARD NO. 08 (ROAD SOR 01/0112015)	Rs.35.46 Lacs

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-proc Portal https://eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of Urban Administration and development Department. https://eproc.cgstate.gov.in from (Start Time) Date 16-08-2022 17:30 hours (IST) and Bid Due Date & Time 05-09-2022 Before 5.30 PM onwards.

Chief Municipal Officer
Municipal Council Bhatgaon
District- Surajpur (C.G.)

न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202206160100022/
अ-21/2021-22
ग्राम दंतेवाड़ा

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप झाड़े पिता सुखलाल झाड़े उम्र 44 वर्ष जाति किराड़ निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा नगरीय क्षेत्र दंतेवाड़ा प.ह.नं. 03 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नं. 255/1 रकबा 0.0250 हे. में से रकबा 0.0120 हे. को क्रेता श्रीमती जम्बुबाई बैरागी पति स्व. महंत दास बैरागी उम्र 45 वर्ष जाति बैरागी निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/8/2022 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 18/07/2022 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
दंतेवाड़ा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर

समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संदेश

1. स्वदेश की रक्षा के लिए पुलिस का सहयोग करें तथा कानून का पालन करें।
2. अपराधिक, असामाजिक एवं अलोकतांत्रिक लोगों के बहकावे में आकर जीवन बर्बाद न करें।
3. माओवादी हिंसा त्याग कर आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में शामिल हों।

माओवादियों से अपील

हिंसा त्याग कर आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो और शासन के पुनर्वास योजना के तहत् नौकरी, घर एवं खुशहाल पारिवारिक जीवन का लाभ लें।

क्र.	धारित पद	घोषित ईनाम राशि
1	DKSZC सदस्य	5 लाख रूपये
2.	मिलेट्री कंपनी कमाण्डर	10 लाख रूपये
3	मिलेट्री प्लाटून कमाण्डर/डिप्टी कमाण्डर/सदस्य/ एरिया कमेटी सचिव/एक्शन कमाण्डर/टेकनिकल टीम प्रभारी	08 लाख रूपये
4	एल.जी.एस. कमाण्डर/एल.ओ.एस. कमाण्डर	05 लाख रूपये
5	एल.जी.एस. डिप्टी कमाण्डर/एल.ओ.एस. डिप्टी कमाण्डर/ सेक्शन डिप्टी कमाण्डर	03 लाख रूपये
6	मेडिकल टीम प्रभारी/एक्शन टीम सदस्य	02 लाख रूपये
7	एल.जी.एस.सदस्य/एल.ओ.एस. सदस्य/जनमिलिशिया कमाण्डर/ डीकेएमएस अध्यक्ष/सीएनएम अध्यक्ष	01 लाख रूपये

सौजन्य : जिला पुलिस बल दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा छ.ग.


हमर तिरंगा
आजादी की 75 वीं वर्षगांठ
पर आप सभी जिलेवासियों को
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा
झण्डा ऊँचा रहे हमारा
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं...
सौजन्य - सहायक संचालक, उद्यानिकी विभाग दन्तेवाड़ा

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
आन देश की शान देश की,
देश की हम संतान हैं,
तीन रंगों से रंगा तिरंगा,
अपनी ये पहचान है!
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं...
सौजन्य - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दन्तेवाड़ा

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं...
सौजन्य - कार्यपालन अभियंता, पी एम जी एस वाय विभाग दन्तेवाड़ा

हमर तिरंगा, घर घर तिरंगा

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्षेत्र के नागरिकों को राष्ट्रीय महापर्व 15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हर घर तिरंगा

हेमेंद्र गोस्वामी
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मुंगेली

15th August

हर घर तिरंगा

हमर तिरंगा, घर घर तिरंगा

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्षेत्र के नागरिकों को राष्ट्रीय महापर्व 15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

15 August Independence Day

हर घर तिरंगा

लेखनी सोनू चंद्राकर
अध्यक्ष
जिला पंचायत मुंगेली

सोनू चंद्राकर
कांग्रेस नेता
मुंगेली

आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हर घर तिरंगा

आत्मा सिंह क्षत्रिय
अध्यक्ष
आदर्श कृषि उपज मण्डी मुंगेली

आदर्श कृषि उपज मंडी समिति मुंगेली, जिला-मुंगेली

क्षेत्र के नागरिकों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हर घर तिरंगा

कृषक उन्नत एवं नई तकनीकी का प्रयोग कर
दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़ाकर समृद्धि लायें

एग्रीकल्चर टेक्नोलाजी मैनेजमेंट एजेंसी - आत्मा

कृषि विभाग मुंगेली

क्षेत्र के नागरिकों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

15 August Happy Independence Day

लोक निर्माण विभाग मुंगेली
जिला-मुंगेली

क्षेत्र के नागरिकों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मनियारी जल संसाधन संभाग
जिला-मुंगेली

क्षेत्र के नागरिकों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मुंगेली, जिला-मुंगेली

क्षेत्र के नागरिकों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

आबकारी विभाग मुंगेली
जिला-मुंगेली

"झंडा ऊंचा रहे हमारा
इससे हो रोशन जग सारा।"

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सभी भारतीयों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

एक शुभचिंतक मुंगेली

क्षेत्र के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

उमाशंकर साहू
सरपंच
पूर्व जिला पंचायत सदस्य

दुर्गा साहू
जिला पंचायत सदस्य

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्षेत्र के नागरिकों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हर घर तिरंगा

15th August Independence Day

संकलनकर्ता
सुशील शुक्ला
मुंगेली
99268 52357

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री कपिल अहमद खान

उप पंजीयक - सूरजपुर एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय - सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री सुजीत श्रीवास्तव

सहायक अभियंता, क्रेडा विभाग एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री संजय यादव

वनमंडलाधिकारी, एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय सूरजपुर, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

बृजेश यादव

चौकी प्रभारी, पुलिस चौकी बसदेई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

डॉ. आर.एस. सिंह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री सी.बी. ध्रुव

कार्यापालन अभियंता, जल संसाधन विभाग एवं समस्त स्टाफ कार्यालय सूरजपुर, जिला - सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री दिनेश चंद्र कोसले

उप संचालक, कृषि विभाग, एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय - सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री एन.एस. सोनवानी

सहायक संचालक, मत्सय विभाग, एवं समस्त स्टाफ जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

राम कृष्ण ओझा
चेयरमेन - इंडियन रेडक्रास सोसायटी सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

प्रकाश राठौर

नगर निरीक्षक, पुलिस थाना सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विनोद राय

जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्रीमती आशा सिंह

जिला आबकारी अधिकारी आबकारी विभाग, सूरजपुर

एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय - सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री अक्षयलाल कारपेंटर

वनपरिक्षेत्राधिकारी, वनपरिक्षेत्र - सूरजपुर, एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय - सूरजपुर, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

कार्यपालन अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, एवं समस्त स्टाफ , जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री अजित एक्का

जिला जनसंपर्क अधिकारी, एवं समस्त स्टाफ जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विजय किरण

खाद्य अधिकारी, एवं समस्त स्टाफ, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री सोहन चंद्रा

कार्यापान अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं समस्त स्टाफ, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री महादेव लहरे

कार्यापालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, एवं समस्त स्टाफ, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री विश्वनाथ रेड्डी

सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री संदीप नायक
खनिज अधिकारी

श्री गोपाल दास
खनिज निरीक्षक

कार्यालय - सूरजपुर, जिला - सूरजपुर .(छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

डॉ . नरेन्द्र सिंह, उप संचालक

पशु चिकित्सा विभाग, एवं समस्त स्टाफ, कार्यालय - सूरजपुर, जिला - सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्री सी.एस. सिसोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी

महिला बाल विकास विभाग, एवं समस्त स्टाफ, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

अमृत महोत्सव आजादी की 75 वीं सालगिरह की हार्दिक शुभकामनायें

पर्यावरण की रक्षा सभी का दायित्व

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र अंबिकापुर
सरगुजा वन मण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र सीतापुर
सरगुजा वन मण्डल- अम्बिकापुर (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा
सरगुजा वन मण्डल- अम्बिकापुर (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र मैपनाट
सरगुजा वन मण्डल- अम्बिकापुर (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र उदयपुर
सरगुजा वन मण्डल अम्बिकापुर (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र राजपुर
बलरामपुर वनमण्डल (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र शंकरगढ़
बलरामपुर वन मण्डल (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र कुसमी
बलरामपुर वनमण्डल (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र बलरामपुर
बलरामपुर वन मण्डल (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र चान्दो
बलरामपुर वन मण्डल (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र कुदरगढ़
सूरजपुर वन मण्डल (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र सूरजपुर
सूरजपुर वनमण्डल (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
एलिफेंट रिजव वनमण्डल सरगुजा
अंबिकापुर (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र धमनी
बलरामपुर वन मंडल (छ.ग.)

75 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर
बलरामपुर वन मंडल (छ.ग.)

संकलनकर्ता
दिनेश सिंह (वरिष्ठ पत्रकार)
मो. 7611116107
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा

हमर तिरंगा, घर घर तिरंगा
समस्त प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय महापर्व 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
श्रीमती गायत्री रामफल साहू
अध्यक्ष
जनपद पंचायत मुंगेली
पवन पाण्डेय
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत मुंगेली
रामफल साहू
अध्यक्ष-प्रतिनिधि
जनपद पंचायत मुंगेली
शैलेंद्र तिवारी जनपद सदस्य
डॉ. शिवकुमार बंजारे जनपद सदस्य
जितेन्द्र भास्कर जनपद सदस्य
आभा प्रफुल्ल शुक्ला जनपद सदस्य
प्रीति केशव साहू जनपद सदस्य
चंद्रमुखी देवव्रत सिंह जनपद सदस्य
सफुरा रामनारायण मिरि जनपद सदस्य
किरण गोविंद नवरंग जनपद सदस्य
माया मनहरण जायसवाल जनपद सदस्य
लक्ष्मीन रेखचंद केशर जनपद सदस्य
कौशिल्या मनोज साहू जनपद सदस्य
सावित्री विजय साहू जनपद सदस्य
नेहा इंद्रजीत कोशले जनपद सदस्य
जानकी रामचंद्र साहू जनपद सदस्य
लोकेश बिसेन जनपद सदस्य
माया संजय सोनवानी जनपद सदस्य
सुरेन्द्र साहू जनपद सदस्य
गेंदराम बनर्जी जनपद सदस्य
कमल टोण्डर जनपद सदस्य
कुलेश्वर बारमते जनपद सदस्य
ममता राजू साहू जनपद सदस्य
जानकी रामकुमार साहू जनपद सदस्य
निरंजन साहू जनपद सदस्य
प्रफुल्ल शुक्ला प्रतिनिधि
रामकुमार साहू प्रतिनिधि
इंद्रजीत कोशले प्रतिनिधि
मनोज साहू प्रतिनिधि
केशव साहू प्रतिनिधि
देवव्रत सिंह प्रतिनिधि
रामनारायण मिरि प्रतिनिधि
रेखचंद केशर प्रतिनिधि
मनहरण जायसवाल प्रतिनिधि
गोविंद नवरंग प्रतिनिधि
विजय साहू प्रतिनिधि
संजय सोनवानी प्रतिनिधि
भूमिका देसाई
भूमिका देसाई
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगेली
विनीत- जनपद पंचायत परिवार मुंगेली
हर घर तिरंगा
संकलनकर्ता
सुशील शुक्ला
मुंगेली
99268 52357